चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 147, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 26 जून 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# मोदी मिस्र के 'ऑर्डर ऑफ द नाइल' से अलंकृत

**काहिरा:** मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी ने काहिरा में आज भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'ऑर्डर ऑफ द नाइल' सम्मान से अलंकृत किया। 'ऑर्डर ऑफ द नाइल' मिस्त्र का सर्वोच्च राजकीय सम्मान है। प्रधानमंत्री मोदी मिस्त्र की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर शनिवार से राजधानी काहिरा में हैं। राजकीय यात्रा के आखिरी दिन काहिरा में प्रधानमंत्री मोदी ने मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी से मुलाकात की। इस दौरान कई द्विपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने काहिरा स्थित हेलियोपोलिस वॉर मेमोरियल का दौरा किया। हेलियापोलिस वॉर मेमोरियल भारत के लिए काफी अहम है। प्रथम विश्व युद्ध में शहीद करीब चार हजार सैनिकों की वीरगाथा यहां दर्ज हैं। नरेन्द्र मोदी ने इन शहीदों को नमन किया और इन्हें श्रद्धांजलि दी।

प्रधानमंत्री मोदी ने यहां की ऐतिहासिक अल-हाकिम मस्जिद का दौरा किया। इस दौरान मौजूद लोगों से बात भी की। यह मस्जिद 13,560 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैली हुई है। इसका जीर्णोद्धार बोहरा समुदाय ने कराया था।24 नवंबर,1980 में यह नए रूप में लोगों के सामने आई। इसकी मरम्मत की जिम्मेदारी दाऊदी बोहरा समुदाय के 52वें धर्मगुरु सैयदना मोहम्मद बुरहानुद्दीन ने ली थी। इसमें कुल 27 महीने लगे। इस मस्जिद को ऐतिहासिक काहिरा के हिस्से के रूप में 1979 में यूनेस्को ने विश्व धरोहर स्थल के रूप में शामिल किया था।

**भारत और मिस्त्र के बीच समझौते पर पीएम मोदी और राष्ट्रपति अल-सिसी ने किये हस्ताक्षर:** भारत और मिस्त्र के बीच रविवार को काहिरा में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गए। इस समझौते पर भारत की तरफ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी ने हस्ताक्षर किए। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने हेलियोपोलिस युद्ध कब्रिस्तान का दौरा किया और प्रथम विश्व युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी काहिरा में रविवार को अल हकीम मस्जिद भी गए। अल-हकीम मस्जिद मिस्त्र के काहिरा में 11वीं सदी का एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थल है। इसे भारत और मिस्त्र द्वारा साझा की गई समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रमाण माना जाता है। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा का महत्व अल-हकीम मस्जिद का उल्लेखनीय जीर्णोद्धार है, जो दाऊदी बोहरा समुदाय के अटूट समर्पण और समर्थन के माध्यम से संभव हुआ है।

इस साल की शुरूआत में भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति अल-सिसी की उपस्थिति के बाद पीएम मोदी की मिस्त्र यात्रा एक पारस्परिक संकेत के रूप में हुई है।

## वर्तमान सरकार का ध्यान युवाओं के भविष्य की 'सुरक्षा' पर है : मोदी, नवनियुक्त 70 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए





## क्या है ऑर्डर ऑफ नाइल?

**इजिप्ट** में इसे 'किलादात अल नाइल'कहा जाता है। 1915 में इसकी शुरूआत सुल्तान हुसैन कामिल ने की थी। यह अवॉर्ड उन लोगों को दिया जाता है, जिन्होंने देश सेवा में अहम योगदान दिया हो। 1953 में मिस्त्र गणतंत्र बना और इसके बाद ऑर्डर ऑफ नाइल को देश के सर्वोच्च सम्मान का दर्जा दिया गया। इसमें जो नाइल शब्द है, वो दरअसल नील नदी से जुड़ा है। इस अवॉर्ड की चार कैटेगरीज हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को दो दिन के दौरे पर इजिप्ट पहुंचे। मोदी को एयरपोर्ट पर वहां के प्रधानमंत्री ने रिसीव किया। उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। 1997 के बाद पहली बार कोई भारतीय प्रधानमंत्री मिस्त्र पहुंचा है। मोदी यहां भारतीय मूल के लोगों से मुलाकात की। मिस्त्र में भारत के एंबेसडर अजीत गुप्ते ने कहा कि भारत और मिस्त्र के व्यापारिक संबंध चार हजार साल पुराने हैं। पीएम मोदी की इस यात्रा से संबंध और मजबूत होंगे। काहिरा के होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान वंदेमातरम और मोदी-मोदी के नारे भी लगे। साड़ी पहन मिस्त्र की एक महिला जेना ने मोदी को फिल्म शोले का गीत ये दोस्ती हम नहीं छोड़ेंगे... गाकर सुनाया। मोदी ने तब आश्चर्य हुआ जब महिला ने बताया कि वह बहुत कम हिंदी जानती है।



और कभी भारत नहीं आई है। मोदी ने महिला से कहा- किसी को पता भी नहीं चलेगा कि आप मिस्त्र की बेटी हो या हिंदुस्तान की बेटी हो।

## मिस्त्र की जियोग्राफिक और स्ट्रैटेजिक लोकेशन भारत के लिए बेहद अहम

**मिस्त्र** की जियोग्राफिक और स्ट्रैटेजिक लोकेशन सिर्फ भारत के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए कई मायनों में बेहद अहम है। 1997 के बाद पहली बार कोई भारतीय प्रधानमंत्री इजिप्ट दौरे पर पहुंचा है। सऊदी अरब के अखबार द नेशनल से बातचीत में पूर्व डिप्लोमैट अनिल त्रिगुणायत ने कहा- मोदी का यह दौरा भारत और इजिप्ट के करीबी रिश्तों को दिखाता है। अब तक इजिप्ट का लगभग हर प्रेसिडेंट भारत दौरे पर गया है। अनिल लीबिया और जॉर्डन में भारत के ऐंबेसडर रह चुके हैं। अनिल कहते हैं- इजिप्ट भारत को बहुत अहमियत दे रहा है। अफ्रीका में यह सबसे ज्यादा आबादी वाला देश है। भारत के लिए भी इजिप्ट अहम है। अच्छी बात ये है कि दोनों देशों के लोगों के बीच भी बहुत करीबी रिश्ते रहे हैं। भारत की आजादी के बाद से ही दोनों देश किसी न किसी तौर पर जुड़े रहे हैं। इजिप्ट भारत के साथ डिफेंस और टेक्नोलॉजी सेक्टर में ट्रेड पर फोकस कर रहा है।

**'दोहरी भूमिका और हमारे लिए फायदेमंद':** इजिप्ट एक ऐसा देश है, जिसे डिप्लोमैटिक वर्ल्ड में डबल हैट भी कहा जाता है। दरअसल मिस्त्र अरब के साथ ही अफ्रीकी देशों में भी शुमार किया जाता है। मायने ये हुए कि भारत अगर यहां प्रभाव बढ़ाता है तो वो अरब के साथ अफ्रीका में भी मजबूत हो सकेगा। 2021-22 में भारत-मिस्त्र के बीच बाइलेट्रल ट्रेड 7.26 अरब डॉलर था। खास बात ये है कि ये बीते साल की तुलना में 60% ज्यादा था। अब मोदी और प्रेसिडेंट सीसी इसे पांच साल में 12 अरब डॉलर तक ले जाना चाहते हैं। इजिप्ट सुएज नहर को इकोनॉमिक जोन में बदलना चाहता है। ये करीब 460 किलोमीटर लंबा ट्रेड स्ट्रैच है।

# मौसम की तरह प्रदेश में ठंडे पड़े माफिया: सीएम योगी आदित्यनाथ

### पाकिस्तान एक-एक रोटी को मोहताज: मुख्यमंत्री योगी, मुख्यमंत्री ने गौतमबुद्ध नगर जिले में 1718.66 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास किया

**नोएडा:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को नोएडा स्टेडियम में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज जैसे पश्चिमी यूपी का मौसम ठंडा हो गया है, वैसे ही उत्तर प्रदेश में माफिया ठंडे पड़ गए हैं। मुख्यमंत्री ने रविवार को गौतमबुद्ध नगर जिले में 1718.66 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। सुबह साढ़े 10 बजे नोएडा स्टेडियम पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर भारतवासी जनवरी 2024 का इंतजार कर रहा है, जब अयोध्या में बन रहे भव्य मंदिर में रामलला विराजमान होंगे। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश के लोकतंत्र पर जब संकट आया था, तब आदरणीय जय प्रकाश नारायण, श्रद्धेय अटल बिहारी वायपेयी, आदरणीय आडवाणी समेत महान सेनानियों ने लोकतंत्र को बचाने का काम किया।



आपातकाल को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से 48 वर्ष पहले कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटने का प्रयास किया था। लोकतंत्र की हत्या करने का प्रयास किया था। उस वक्त मुखर आवाजों में एक नाम पत्रकार रामनाथ गोयनका का भी था। आज उनके नाम से एक मार्ग का लोकार्पण का अवसर प्राप्त हुआ।

**पाकिस्तान एक-एक रोटी के लिए मोहताज:** मुख्यमंत्री ने जनसभा में आगे कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में प्रदेश में जी20 की बैठक हो रहीं हैं।

आज पाकिस्तान एक-एक रोटी के लिए मोहताज हो रहा है, लेकिन भारत तेजी से बढ़ रहा है। 2027 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। प्रदेश को छह वर्ष में एक नई पहचान देने का काम किया है।

# 'भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला दिन 25 जून 1975'

**आगरा:** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि आज के ही दिन 25 जून 1975 को कांग्रेस ने आपातकाल की घोषणा की थी। विपक्ष के सारे नेताओं को जेल में डाल दिया गया था। भारतीय लोकतंत्र का वह सबसे काला दिन है। राजनाथ सिंह रविवार को आगरा के कागारौल में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। रक्षामंत्री सिंह ने कहा कि विपक्ष के नेता पटना में बैठक कर रहे हैं। विपक्षी कह रहे हैं आपातकाल जैसे हालात हैं। मैं कहता हूं आंख में आंख डालकर राजनीति की जाती है। आंखों में धूल झोंककर राजनीति नहीं की जाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सशक्त बन रहा है। मोदी आज वैश्विक स्तर पर सबसे लोकप्रिय नेता हो गए हैं। यह हम सबका सम्मान है। पहले दुनिया भारत की बात को गंभीरता से नहीं लेती थी। आज भारत कोई बात बोलता है तो दुनिया कान खोलकर सुनती है। पहली बार अमेरिका के दोनों सदनों को संबोधित करने का अवसर मोदी को मिला है। राजनाथ ने कहा कि आज हमारे प्रधानमंत्री मोदी को ऑस्ट्रेलिया का प्रधानमंत्री बॉस कह कर बुलाता है।



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन उनका ऑटोग्राफ लेना चाहते हैं और पापुआ न्यू गिनी के राष्ट्रपति उनके पैर छू कर आशीर्वाद लेते हैं। यह पूरे भारत और भारतवासियों का सम्मान है।

## राज्यपाल से मिलने जाएंगे बंगाल के इलेक्शन कमिश्नर

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल के स्टेट इलेक्शन कमिश्नर राजीव सिन्हा शाम गवर्नर सीवी आनंद बोस से मिलने जाएंगे। दरअसल, 4 दिन पहले 21 जून को राज्यपाल आनंद बोस ने सीईसी राजीव सिन्हा का नियुक्ति पत्र राज्य सरकार को लौटा दिया था। गवर्नर ने आरोप लगाया था कि राज्य में पंचायत चुनाव के नॉमिनेशन के दौरान हुई हिंसा पर इलेक्शन कमिश्नर ने कोई एक्शन नहीं लिया।

**नॉमिनेशन के आखिरी दिन भी हुई थी हिंसा:** राज्य में नॉमिनेशन के आखिरी दिन यानी 15 जून को भी जमकर हिंसा हुई थी। बीरभूम जिले के अहमदपुर में ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिस में हिंसा के दौरान बम फेंके गए थे।

**गवर्नर के दो बार बुलाने पर भी नहीं गए थे इलेक्शन कमिश्नर:** गवर्नर ने सिन्हा को पंचायत चुनाव में नामांकन के दौरान हुई हिंसा को लेकर 17 जून को राजभवन बुलाया था। लेकिन सिन्हा ने नामांकन की जांच का हवाला देते हुए आने से मना कर दिया था। इससे पहले भी उन्हें एक बार बुलाया गया, लेकिन काम का हवाला देकर सिन्हा ने राजभवन आने से मना कर दिया था।

## एमक्यू-9 बी ड्रोन की कीमतें तय नहीं: रक्षा विभाग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**रक्षा मंत्रालय** (एमओडी) ने अमेरिका से खरीदे जाने वाले 31 एमक्यू-9बी ड्रोन को लेकर साफ किया है कि अभी इनकी कीमतें तय नहीं हुई हैं, अमेरिकी सरकार की नीति मंजूरी मिलने के बाद कीमत पर बातचीत की जाएगी। कीमत और खरीद की अन्य नियम एवं शर्तें अभी तय नहीं की गई हैं और ये बातचीत के अधीन हैं। एमओडी जनरल एटॉमिक्स (जीए) से तालमेल करके अन्य देशों की तुलना में सर्वोत्तम कीमत से खरीद करेगा। रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने 15 जून को तीनों सेनाओं के लिए 31 एमक्यू-9बी हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस (हेल) रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम के अधिग्रहण के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) प्रदान की। इसमें 16 स्काई गार्जियन और 15सी गार्जियन ड्रोन हैं। यह खरीद संयुक्त राज्य अमेरिका से विदेशी सैन्य बिक्री मार्ग से की जानी है। एओएन में संबंधित उपकरणों के साथ खरीदे जाने वाले यूएवी की संख्या शामिल थी। हालांकि, डीएसी ने एओएन में अमेरिकी सरकार से प्रदान की गई 3,072 मिलियन अमेरिकी डॉलर की अनुमानित लागत का उल्लेख किया। अब रक्षा मंत्रालय ने साफ किया है कि अमेरिकी सरकार की नीति मंजूरी मिलने के बाद कीमत पर बातचीत की जाएगी।



रक्षा मंत्रालय ड्रोन का अधिग्रहण लागत की तुलना में जनरल एटॉमिक्स से तालमेल करके अन्य देशों को दी जाने वाली सर्वोत्तम कीमत से करेगा। ड्रोन की खरीद प्रगति पर है और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पूरी की जाएगी।

## मुंबई: बिल्डिंग की बालकनी गिरने से दो की मौत

**मुंबई:** मुंबई में रविवार को दो हादसे हुए। नानावटी अस्पताल के पास बिल्डिंग की बालकनी गिरने से दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। दूसरा हादसा घाटकोपर इलाके में हुआ। यहां सुबह एक चार मंजिल रहवासी बिल्डिंग का एक हिस्सा ढह गया। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मलबे में फंसे दो लोगों को सुरक्षित बचा लिया। दो और लोगों के फंसे होने की जानकारी मिली है। इन्हें बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। रविवार दोपहर को नानावती अस्पताल के पास सेंट ब्रेज रोड पर एक बिल्डिंग की बालकनी का हिस्सा गिरने से पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया इनमें से दो लोगों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घाटकोपर में राजावाड़ी कॉलोनी के चित्तरंजन नगर में स्थित बिल्डिंग का एक हिस्सा सुबह 9.33 बजे ढह गया। अलर्ट मिलने के बाद फायर ब्रिगेड, पुलिस, नागरिक कर्मी और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की एक टीम मौके पर पहुंची।

### सेफ्टी अफसर बोले- सिग्नल की गड़बड़ी रही होगी

# बंगाल में दो मालगाड़ी टकराई, 12 डिब्बे बेपटरी

**बांकुड़ा:** पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले में रविवार सुबह दो मालगाड़ियों की टक्कर में 12 डिब्बे पटरी से उतर गए। टक्कर की जोरदार आवाज से ओंडा रेलवे स्टेशन के आसपास के लोगों की नींद खुली और वो मौके पर पहुंचे। उन लोगों ने ही मालगाड़ी के लोको पायलटों को सुरक्षित बाहर निकाला। 2 जून को ओडिशा के बालासोर में तीन ट्रेनों की हुई टक्कर के बाद 23 दिनों में यह दूसरा रेल हादसा है। हालांकि इसमें जान माल का बहुत ज्यादा नुकसान नहीं हुआ।

**3 घंटे तक आद्रा-खड़गपुर सेक्शन में ट्रेनों की आवाजाही बंद:** रेलवे सूत्रों ने बताया कि एक लोको पायलट को हल्की चोट आई है। हादसे के कारण बिजली का ओवरहेड तार टूट जाने की वजह से आद्रा-खड़गपुर सेक्शन में ट्रेनों की आवाजाही करीब 3 घंटे तक प्रभावित रही।



**मालगाड़ी ने दूसरी ट्रेन को पीछे से मारी टक्कर:** मौके पर पहुंचे दक्षिण पूर्व रेलवे के डिवीजनल सेफ्टी ऑफिसर दिवाकर माझी ने पत्रकारों को बताया- ओंडा रेलवे स्टेशन पर एक मालगाड़ी पहले से खड़ी थी। पीछे से आने वाली दूसरी मालगाड़ी ने उसमें टक्कर मार दी। आखिर यह हादसा कैसे हुआ, यह तो जांच के बाद ही पता चल सकेगा। शायद सिग्नल की गड़बड़ी रही होगी।

**ट्रेन का इंजन मालगाड़ी पर चढ़ा गया:** रेलवे के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि ओंडा स्टेशन के लूप लाइन पर बांकुड़ा से विष्णुपुर की ओर जाने वाले एक मालगाड़ी खड़ी थी।

## भाजपा ने धर्म को व्यापार बना लिया: अखिलेश

**लखनऊ।** बाबा विश्वनाथ के दर्शन पर शुल्क बढ़ाने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने निंदनीय बताया है। इसके साथ ही अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने धर्म को व्यापार बना लिया है। अभी शुक्रवार को बनारस में बाबा विश्वनाथ के दर्शन और पूजा-पाठ के शुल्क में काफी इजाफा कर दिया गया। इसका विरोध बनारस में भी देखने को मिल रहा है। इससे पहले भी एक बार शुल्क बढ़ाया गया था, जिसके विरोध के बाद वापस ले लिया गया था। बढ़ाये गये शुल्क के खिलाफ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को दोपहर बाद ट्वीट किया, भाजपा सरकार से आग्रह है कि बाबा विश्वनाथ जी के दर्शन पर शुल्क लगाकर गरीबों, सच्चे भक्तों व आम जनता से दर्शन का अधिकार न छीने। भाजपा ने धर्म को व्यापार बना लिया है।



## खबर संक्षेप


### दो अलग अलग गांवों से एक महिला एक पुरूष गायब रिपोर्ट दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र के दो अलग अलग गांवों से एक महिला तथा एक पुरूष गायब हो गए हैं।पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम ऊंचडीह निवासी सूरज कुमार पुत्र राजा राम का कहना है कि उनके पिता जी राजाराम 48 वर्ष 16 जून को भांजी के घर तेलियरगंज गए। फिर ब्लाकब चौराहे पर उतरे उसके बाद से उनके पिता का कोई पता नहीं चल रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।उधर प्रतापगढ़ के थाना देल्हूपुर के ग्राम श्रीनाथ का पूरा निवासी लल्लू राम पुत्र राम लाल का कहना है कि उनकी पुत्री सोनी देवी 30 वर्ष की शादी मऊआइमा के ग्राम मदारी में हुई है। दामाद का स्वर्गवास हो चुका है। उनकी पुत्री सोनी 15 जून से ससुराल से गायब है। किसी अनहोनी से सहमे हुए लल्लू राम ने मऊआइमा थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

# नशेडी ने मंदिर में घुसकर मूर्तियां तोड़ी दी, फिर वहीं सो गया, किया गया पुलिस के हवाले

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** कैंट थाना क्षेत्र राजापुर मोहल्ले में एक नशेड़ी युवक ने मंदिर की मूर्तियां तोड़ दी मंदिर में जो पूजा पाठ करने पहुंचे, तो मंदिर की मूर्तियां टूटी हुई देखकर दंग रह गए। वहां पर भीड़ इकट्ठा हो गई जिससे हंगामा मच गया सूचना के बाद पहुंची पुलिस मौक पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई। इस दौरान छानबीन में पता चला कि मोहल्ले का ही एक लड़का न्शे की हालत में मंदिर के अंदर घुसा था उसी ने मूर्तियां तोडी है। जिसके बाद हरकत में आई पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया भय दारुन के कैंट थाना अंतर्गत राजापुर तिराहे पर प्रमिल टाइपिंग इंस्टिट्यूट के बगल एक मंदिर स्थापित है। जिसमें मोहल्ले के लोग पूजा पाठ करते हैं। रविवार को जब लोग पूजा करने पहुंचे, तो मंदिर की मूर्तियां टूटी-पफूटी देख दंग रह गए शिवलिंग की जलहरी तोड़ी गई थी। वहां पर और स्थापित मूर्तियों को भी क्षतिग्रस्त किया गया था यह देख वहां पर लोगों का मजमा लग गया। लोग हंगामा करने लगे। भीड़ इकट्ा होने और हंगामा करने की सूचना पर कैंट थाने की पुलिस पहुंच गई। इस दौरान छानबीन में पता चला कि राजापुर निवासी अजय कुमार नशे की हालत में मंदिर में घुसकर तोड़फोड़ की। फिर उसी मंदिर में सो गया लोगों ने उसे पकड़ा। पहले तो वह नाटक कर रहा था। लेकिन जब पिटाई की, तो उसने स्वीकार कर लिया कि उसने ही मूर्तियां तोड़ी है। सूचना पर पहुंची कैट पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया इंस्पेक्टर कैट रूकुम पाल सिंह ने बताया कि मंदिर में मूर्तियां तोड़ी गई है। जो धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाती हैं। इसी आधार पर आरोपी अजय कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।





## मऊआइमा कस्बा के रेलवे फाटक से गुजरी रेलवे लाइन बन गई है जानलेवा

### आए दिन पलट रहे ट्राली व ई रिक्शा, नहीं ध्यान दे रहा रेलवे विभाग



**मऊआइमा।** मऊआइमा कस्बा के रेलवे फाटक से गुजरी रेलवे लाइन बन गई है जानलेवा। अब तक दर्जनों हो चुके हैं घायल, ट्रेक बन सकती है किसी दिन भयानक हादसे का शिकार ।रेलवे विभाग चुप्पी साधे हुए है। शायद किसी बडे हादसे का इंतजार में है। बता दें कि मऊआइमा कस्बा का रेलवे फाटक अमूमन जाम के लिए मशहूर है। वर्षो फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण की मांग नक्कार खाने में तू तू की आवाज बन कर रह गई है। रेलवे फाटक पर जाम में यदि कोई फंसा तो घंटों इस भीषण गर्मी में चकरा जाता है। बताया गया है कि सबसे खतरनाक रेलवे फाटक से गुजरी रेलवे ट्रेक है। जो सडक से ऊंची हो गई है। तथा फिसलन एंव चोकदार बन गई है। बताया गया है कि रेलवे ट्रेक के अगल बगल गिटटियां, मिट्टी आदि हट जाने से सडक नीचे रेलवे पटरी ऊपर हो जाने से बाइक सवार ,ई रिक्शा,ट्राली आदि पलट जाते हैं। जिससे सवारियों चोटहिल होते रहते हैं। रेलवे ट्रेक के दोनों ओर गढडा बन जाने से बाइक सवारों एंव ई रिक्शा, मालवाहक फंस जाते हैं। हालांकि रोज रेलवे विभाग ट्रेक की चेकिंग करते हुए ट्राली से पटरी से घूमता है।। परन्तु सभी नजर अंदाज कर देते हैं। जानकार लोगों ने बताया कि यदि ट्रेक के दोनों ओर बने गढडों को बंद नहीं किया गया सडक नीचे हो जाने से आने जाने वाली तीव्र गति से ट्रेनों के लिए घातक हो सकता है। रेलवे विभाग यदि ध्यान नहीं दिया तो किसी दिन कोई बडा हादसा हो सकता है। रेलवे पटरी देख कर लोगों को यह भय बना हुआ है कि कहीं किसी दिन कोई अनहोनी न हो जाए।

# बीपी सिंह ने गरीबों को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया : शिखा दरबारी

### पूर्व प्रधानमंत्री के जन्मदिन कार्यक्रम में बोली मुख्य आयकर आयुक्त

अखंड भारत संदेश




**कोरांव।** प्रयागराज देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व विश्वनाथ प्रताप सिंह ने देश के गरीबों को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया था। जिससे आज समाज के दबे कुचले पिछड़े लोग भी अपने हक व अधिकार के लिए आगे बढ़े हैं यह बातें मुख्य आयकर आयुक्त प्रयागराज शिखा दरबारी ने कोरांव के गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज में आयोजित पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह के जयंती कार्यक्रम को संबोधित करने के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। मुख्य आयकर आयुक्त ने पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। जयंती कार्यक्रम में उपस्थित रहे नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने भी पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष रूद्र नारायण बाजपेई ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री के सौजन्य से ही इस विद्यालय की नींव रखी गई थी जो पूरे क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने का काम कर रहा है। विशिष्ट अतिथि के रूप में कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह कृष्ण भैया के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री के जीवन वृतांत पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ मोहम्मद साबिर अली तथा संचालन प्रवक्ता संतलाल मौर्य ने किया। इस दौरान प्रमुख रूप से अरुण शुक्ला, कमलेश तिवारी, नागेंद्र प्रताप सिंह, अजय श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त शिक्षक भगवान प्रसाद शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य अरुण कुमार चतुर्वेदी उर्फ पिंटू चौबे, प्रमोद मिश्र पयासी, बृजेश श्रीवास्तव, विशाल श्रीवास्तव, गोविंद नारायण मिश्र, अपूर्व त्रिपाठी सहित एनसीसी के छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे।

## छत्रपति शाहूजी महाराज की 149 वीं जयंती आज

**सहसों।** छत्रपति साहूजी महाराज पार्क गोल चौराहा सहसों के प्रांगण में समतामूलक समाज के प्रेरणा स्त्रोत सामाजिक परिवर्तन को मूर्ति रूप देने वाले राजर्षी छत्रपति शाहूजी महाराज की 149 वीं जयंती आज सोमवार को सायंकाल बड़े धूमधाम से मनाई जाएगी तथा सम्मान समारोह के साथ सामाजिक चिंतन एवं कवि सम्मेलन का आयोजन सामाजिक उत्थान संस्थान प्रयागराज द्वारा किया जा रहा है। आप सभी प्रबुद्ध जनों व सामाजिक कार्य करने वाले गणमान्य व्यक्तियों, दुकानदारों, व्यापारियों एवं ग्रामवासी किसानों तथा जन प्रतिनिधियों से विनम्र निवेदन के साथ जयंती के शुभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया गया है।

# शंकरगढ़ में 5 एमवीए का ट्रांसफार्मर खराब वैकल्पिक व्यवस्था से मिलेगी बिजली

अखंड भारत संदेश

### रविवार को दिनभर डटी रही इंजीनियर्स की टीम, जिला मुख्यालय से बुलाए गए अधिकारी



**शंकरगढ़।** विद्युत उपकेंद्र शंकरगढ़ में लगा पांच एमवीए (5 टश्अ) का ट्रांसफार्मर खराब हो गया है। शनिवार को दोपहर आई खराबी के बाद से रविवार को दिनभर सैकड़ों उपभोक्ताओं को बिजली नहीं मिली। बिजली नहीं मिलने से उमसभरी गर्मी में लोग बिलबिलाए हुए हैं। पानी भी नहीं मिल रहा है। हालांकि, पांच एमवीए के ट्रांसफार्मर में आई खराबी को ठीक करने केलिए रविवार को दिनभर विभागीय अधिकारी डटे रहे, लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। शंकरगढ़ पावर हाउस में लगा जो ट्रांसफार्मर खराब हुआ है, उससे शंकरगढ़ का पुराना फीडर संबद्ध है। इससे सदर बाजार, पुरानी बाजार, लाइनपार समेत गांव-देहात के सैकड़ों उपभोक्ताओं को विद्युत सप्लाई की जाती है। बीते 24 घंटे से अधिक समय से बिजली नहीं मिलने से उपभोक्ता बिलबिलाए हुए हैं। उपभोक्ताओं के द्वारा उपकेंद्र व संबंधित लाइनमैन को फोन पर फोन किया जा रहा है। स्थानीय जेई ने बताया कि पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर खराब हुआ है। जिसे ठीक करने का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। इसे ठीक होने में अभी समय लग सकता है। इसे देखते हुए प्रभावित क्षेत्र की सप्लाई के लिए वैकल्पिक इंतजाम किया जा रहा है। इसके लिए शंकरगढ़ के जूही, आमगोंदर फीडर पर आपूर्ति में कटौती करके प्रभावित फीडर वाले स्थानों को सप्लाई दी जाएगी। इसके लिए निर्धारित रोस्टर में भी कटौती की जाएगी, ताकि सभी का काम चलता रहे। लोगों को पानी जैसे संकट का सामना न करना पड़े।

# चनेथू में मूर्ति स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में उमड़े श्रद्धालु

अखंड भारत संदेश



**जंघई।** पंडित कैलाश नाथ पांडेय के निवास चनेथू पड़ान में नव निर्मित शिवालय में भूत भावन आदि देव महादेव शंकर भगवान की मूर्ति का अनावरण कार्यक्रम शुक्रवार को अन्नभिषेक, शनिवार को जलाभिषेक एवं दुग्धाभिषेक एवं रविवार को नगर भ्रमण के साथ भव्य शोभायात्रा पूरे गांव में डीजे गाजे बाजे रथ के साथ निकली हर हर महादेव से पूरा गांव गुंजायमान हो उठा। आचार्य नित्यानंद शुक्ल, आचार्य धर्मेन्द्र मिश्र, आचार्य मुनीम पांडेय, आचार्य मनमोहन पांडेय, आचार्य संदीप पांडेय द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधि विधान से पूजन अर्चन हवन पूणार्हुति एवं प्राण प्रतिष्ठा करवाया गया। नव निर्मित महादेव मंदिर में भोलेनाथ, नंदी के साथ राम सीता, लक्ष्मण, हनुमान जी की मूर्ति भी स्थापित की गई। इस दौरान मंदिर परिसर में आयोजित विविध धार्मिक कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।इस अवसर पर मुन्ना पांडेय प्रधान, गोपीनाथ पांडेय, आशाराम पांडेय पूर्व प्रधान, कृपाशंकर पांडेय, दरोगा पांडेय, जज्जे पांडेय, विजयमनि पांडेय, धनंजय पांडेय, फूलचंद्र, गुलाब चंद्र, रामचंद्र, तीर्थराज, हरिमोहन, कृष्णराज, सुरेंद्र कुमार, शिव कुमार, सर्वेश कुमार, आनंद, कृष्णराज, परमिल, अखिलेश, अंकित, दिलीप, सुनील, अजय, अभिषेक, आशीष, महेश, अंकित, निखिल, उमंग, देवेश, अर्थव, अमृतेश सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## नैनी पुलिस टीम द्वारा दुष्कर्म के अभियोग मे वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार

**नैनी।** नैनी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना नैनी पुलिस द्वारा थाना नैनी मे पंजीकृत मु0 अ0सं0-336/2023 धारा-328/ 376/ 313/ 323/ 504/ 506 भारतीय दंड संहिता में वांछित अभियुक्त अनिल कुमार विश्वकर्मा पुत्र रमाशंकर विश्वकर्मा निवासी देवता मेजा रोड, थाना मेजा को रविवार को थाना नैनी क्षेत्रान्तर्गत मलहरा फाटक के पास से गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम.निरीक्षक मो0 अली खान .का0 रोहित सिंह .का0 धर्मेन्द्र कुमार थाना नैनी।

# नैनी अरैल के गंगा घाट पर स्वच्छता अभियान चला

अखंड भारत संदेश

### तेरी खुशबू तेरी चाहत से दिल यूं दूर-दूर रहा,प्रयागराज में रहकर भी, कोई जैसे गंगा से दूर रहा : कुंवर जी तिवारी



**नैनी।** नैनी सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल नैनी प्रयागराज रविवार को कार्यक्रम अधिकारी परीक्षित त्रिपाठी के नेतृत्व में गंगा की निर्मलता एवं स्वच्छता हेतु पालीथिन मुक्त अभियान चलाया गया। जिसमे आने वाले श्रद्धालुओं, स्नानार्थियों एवं तीर्थ पुरोहितों से घाटो पर स्वच्छता रखने हेतु अपील की गयी स्वच्छता अभियान के पश्चात संस्थान के द्वारा एक मीटिंग भी आहुत की गयी, जिसमें अध्यक्ष संतोष तिवारी एवं कुंवर जी तिवारी के साथ-साथ सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने संस्था को निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहने हेतु विचार व्यक्त किए और कहा कि संस्थान हमेशा स्वच्छता के साथ साथ,गरीब कन्याओं की विवाह में मदद, निर्धन एवं कमजोर वर्ग की सहायता का भी भविष्य में पूर्णरूपेण प्रयास कर सहायता करेगा कार्यक्रम में मनीष पांडेय,सुनील मिश्रा, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, विकास मिश्रा,महेश प्रसाद केसरवानी, सुनील कुशवाहा, संदीप सिंह, ऋषि दीक्षित, आत्म प्रकाश यादव,डां एस.बी. यादव, प्रवीण तिवारी, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, धीरज राजवानी, बब्रुवाहन सिंह, प्रदीप केसरवानी, सौरभ यादव, आर्यन यादव, गौरव यादव, उज्जवल यादव, सनी यादव, तुलसी तिवारी, सिद्धी सिंह आदि उपस्थित रहे।

# प्यासों को पानी पिलाना पुण्य का काम : एसओ मेजा



**मेजा।** जीवन में पुण्य कार्य करने के कई तरीके हैं उनमें से एक कार्य प्यासे को पानी पिलाना भी है। उक्त बातें प्रभारी निरीक्षक मेजा राजेश उपाध्याय ने क्षेत्र के बिसेन पुर स्थित सुदृष्टि ब्रह्म धाम (बाबा महाराज) में प्यासौं को नींबू शरबत पिलाने के दौरान कही। उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थाएं जब इस तरह की पहल आरंभ करती हैं तो लगता है वह क्षेत्र के विकास और यहां आने वाले श्रद्धालुओं के प्रति भी चिंतित रहती है। बता दें कि भीषण उमस भरी गर्मी को देखते हुए क्षेत्र के बिसेनपुर निवासी समाजसेवी हिमांशु सिंह के सहयोग से लगातार पांचवे रविवार को बाबा महाराज धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को नींबू शरबत पिलाया गया।आज के मुख्य अतिथि प्रभारी निरीक्षक मेजा राजेश उपाध्याय ने बाबा महाराज धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को नींबू शरबत पिलाते हुए कहा कि प्यासे को पानी पिलाना पुण्य का काम है,लेकिन इस उमस भरी गर्मी में यदि प्यासे को नीबू शरबत मिल जाय तो वह धन्य हो जायेगा और उसके मुंह से बरबस दुआ ही निकलेगी।उन्होंने कहा कि ऐसे मौकों पर क्षेत्र के समाजसेवियों को आगे बढ़कर पूरे गर्मी भर हर रविवार को आने वाले श्रद्धालुओं को निः शुल्क नींबू शरबत पिलाना चाहिए।उन्होंने हिमांशु व उनके सहयोगियों द्वारा इस पावन कार्य की सराहना की है। इस मौके पर चौकी इंचार्ज जवनिया बृजेश तिवारी, विधिक सलाहकार अभिषेक तिवारी, इंजी लालजी सिंह, के. पी. सिंह, रवीन्द्र सिंह, संदीप सिंह, ब्रजेश सिंह, रतनेश सिंह,मनोज सिंह, शिव प्रकाश सिंह, ओम प्रकाश सिंह, मुकेश सिंह, भोला सिंह एवं भक्तजन शामिल रहे।

# आपातकाल के विरोध में मनाया गया काला दिवस

अखंड भारत संदेश



कार्यक्रम मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथि अवधेश चन्द्र व अन्य।

**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी गंगापार प्रयागराज के आवाहन पर भाजपाइयों ने 25 जून 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल के विरोध में रविवार को छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों में भाजपा गंगापार जिला अध्यक्ष अश्वनी कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में काला दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि काशी क्षेत्र के उपाध्यक्ष अवधेश चन्द्र गुप्ता ने अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कहा 25 जून 1975 को लगाया गया इमरजेंसी लोकतंत्र की हत्या और जनता के अधिकारों का हनन करते हुए उनको जेलों में बंद किया गया। कुछ लोगों को घर में ही नजरबंद कर दिया गया पूरे देश में त्राहि-त्राहि मच गई थी। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि रहे फूलपुर के चेयरमैन अमरनाथ यादव ने कहा कि इमरजेंसी को याद करते हुए इसे काला दिवस के रूप में मनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया तथा उन्होंने इमरजेंसी काल के दौरान बीते समय पर विस्तार से चर्चा करते हुए कार्यकताओं को संबोधित करते हुए अपने विचार रखे। कार्यक्रम को लक्ष्मी कांत उपाध्याय, जीतलाल त्रिपाठी, श्याम बिहारी पांडे, मनोज कुमार निषाद, आरती अग्रवाल एवं आशीष भारतीय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रमेश कुमार द्विवेदी, सुरेश चंद विश्वकर्मा, संदीप कुमार द्विवेदी, राजधर द्विवेदी, भूपेंद्र मिश्रा, राघवेंद्र सिंह सिंगरौर, सुनीता चौधरी, सुरेंद्र पटेल, देवेन्द्र गिरी, अशोक चौधरी, उषा शर्मा, प्रिया प्रजापति, बाल गोविंद तिवारी, शिव बाबू केशरवानी, पवन कुमार शुक्ला, दिनेश शुक्ला, जयेश केसरवानी सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जसरा में भाजपा कार्यकताओं ने मनाया काला दिवस



**जसरा।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी काला दिवस के रूप मनाया आज के ही तारीख 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री मती इन्द्रा गांधी ने आपातकाल की घोषणा करके पूरे देश मे आंतक कर दिया गया था सभी विपक्ष के साथ साथ पत्रकारों को भी जेल मे ठूस दिया गया था लोकतंत्र की निर्मम हत्या कर दिया गया था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ बहुत अन्याय हुआ था इसे भंग कर दिया गया था पूरे भारत मे त्राहि त्राहि मच गयी थी। उसी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी आज के दिन को काला दिवस के रूप में मनाती है जसरा ब्लॉक में जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी व मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ल की अगुवाई में कार्यकताओं के साथ काली पट्टी बांधकर काला दिवस मनाया व विरोध प्रदर्शन किया गया जिसमे मुख्य रूप से राकेश पाठक, बच्चा मालवीय, वीरेंद्र पाठक, अवध विहारी मिला, आशीष सोनकर, अशोक तिवारी, आलोक द्रिवेदी, मंडल महामंत्री भूपेंद्र पाठक व नीरज केसरवानी, आलोक पाठक,दीपचंद्र गुप्ता, राहुल पाल सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### खबर संक्षेप

## व्यक्तिगत श्रेणी के राज्य स्तरीय विवेकानन्द यूथ एवार्ड हेतु प्रस्ताव आमंत्रित

**प्रयागराज।** जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी शैलेश कुमार उपाध्याय ने बताया है कि वर्ष 2023-24 में व्यक्तिगत श्रेणी के राज्य स्तरीय विवेकानन्द यूथ एवार्ड हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं। राष्ट्रीय एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सर्वश्रेष्ठ युवाओं द्वारा अपना प्रस्ताव पूर्ण विवरण के साथ विकास भवन स्थित तृतीय तल पर जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी कार्यालय में जमा किया जाएगा और इसकी विस्तृत जानकारी भी इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। प्रस्ताव विलम्बतम एक सप्ताह के अन्दर कार्यालय में उपलब्ध कराया जा सकता है। तदोपरान्त जिलाधिकारी, महोदय की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा श्रेष्ठ युवा का चयन कर प्रस्ताव महानिदेशक, महोदय युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल उत्तर प्रदेश, लखनऊ को प्रेषित किया जाएगा।

### प्रयागराज में छह थानों के बदले गए प्रभारी

# 5 इंस्पेक्टर व 2 सब इंस्पेक्टर को मिली नवीन तैनाती, 3 निरीक्षकों पर गिरी गाज

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा अब थाना प्रभारियों पर नकेल कसने के मूड में आ गए हैं एक दिन पहले करछना थाने इंस्पेक्टर को लाइन हाजिर करने और करछना एवं खुल्दाबाद में नए प्रभारियों की नियुक्ति करने के बाद और 10 इंस्पेक्टरों व सब इंस्पेक्टरों का कार्यक्षेत्र बदल दिया गया है इनमें इंस्पेक्टर बारा, सराय ममरेज और मऊआइमा को लाइन हाजिर किया गया है यमुनानगर के खीरी थाने के इंचार्ज रहे इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार सोनकर अब एसएचओ बारा कोतवाली होंगे। चुनाव सेल प्रभारी रहे इंस्पेक्टर संजय कुमार द्विवेदी को कौधियारा थाना प्रभारी बनाया गया है। बारा इंस्पेक्टर अनिल कुमार को पुलिस कमिश्नर ने लाइन हाजिर कर दिया है। वीरेंद्र कुमार सोनकर को बारा थाने का चार्ज देने के बाद खाली हुई थानाध्यक्ष खीरी की सीट पर सब इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह को भेजा गया है, जो कि अभी तक कौधियारा थाने में एसएसआई के पद पर पोस्टेड थे विवादित इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार सोनकर को कौंधियारा से हटाकर मऊआइमा थाने का इंचार्ज बनाया गया है। सराय ममरेज थाना प्रभारी तरुणेंद्र त्रिपाठी और मऊआइमा इंस्पेक्टर सुरेश सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया। नगर के अतरसुइया थानाध्यक्ष रहे योगेश प्रताप सिंह को सराय ममरेज का चार्ज सौंपा गया है। इंस्पेक्टर अश्विनी कुमार को पुलिस लाइन से एसओजी प्रभारी नियुक्त किया गया है जबकि एसओजी प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद कुमार यादव को अतरसुइया थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है सूत्रों के मुताबिक प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कमिश्नर ने तैयारी शुरू कर दी है इसके लिए थानेदारों पर नकेल कसी जा रही है। ट्रांसफर पोस्टिंग का यह दौर अभी जारी रहेगा कईयों पर कार्रवाई तय मानी जा रही है। तो कई लोगों को पोस्टिंग भी मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## नैनी मे जमीन के विवाद में पथराव, चली गोली

**नैनी।** नैनी औद्योगिक थाना क्षेत्र के मुंगारी गांव मे जमीन के विवाद मे रविवार रात दो पक्षों मे विवाद के बाद पथराव शुरू हो गया। घटना के वक्त एक पक्ष ने बच्चे पक्ष पर तमंचे से फायर झोक दिया। हलांकी घटना मे किसी को गोली नही लगी लेकिन पथराव मे एक पक्ष से एक व्यक्ति घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए भेज दिया गया। मामले मे पुलिस ने जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक मुंगारी गांव के रहने वाले आपस में मारपीट करने लगे इन दोनों लोग के बींच जमीन का पुराना विवाद चल रहा है। रविवार को उसी विवाद ने टूल पकड़ लिए और मारपीट शुरू हो गई। घटना के बाद एक पक्ष की ओर से पथराव होने लगा। जिसमे दूसरे पक्ष ने तमंचे से फायर कर दिया। हलांकी गोली चलने से कोई घायल नही हुआ लेकिन पथराव में एक व्यक्ति घायल हो गये। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए भेज दिया। फिलहाल अभी दोनो पक्ष की तरफ से तहरीर नही दी गई है। थाना प्रभारी संजीव चौबे ने बताया की गोली नही चली है केवल पथराव हुआ है। जांच की जा रही है।

## क्रिया योग आश्रम के अध्यक्ष योगी सत्यम को गोली से उड़ाने की धमकी देने वाले पर केश

अखंड भारत संदेश



**झूंसी।** वीडियो के माध्यम से क्रिया योग आश्रम एवं अनुसंधान केंद्र के संस्थापक एवं अध्यक्ष योगी सत्यम को गोली से उड़ाने की धमकी मिली है। योगी सत्यम की तहरीर पर झूंसी पुलिस ने रविवार को प्रभाकर के खिलाफ गाली गलौज, धमकी का मामला दर्ज किया है। झूंसी पुलिस से लिखित शिकायत करते हुए योगी सत्यम ने बताया कि एक वीडियो उन्हें मिला है जिसमे एक साधु वेश धारण किया व्यक्ति अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उन्हें गोली से उड़ाने की धमकी दे रहा है। योगी सत्यम ने मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस के साथ पुलिस कमिश्नर प्रयागराज व डीजीपी से की। झूंसी पुलिस ने स्वामी योगी सत्यम की रहरीर पर रामलोचन आश्रम में रहने वाले संत प्रभाकर पर केश दर्ज कर मामले जी जांच में जुट गई है। योगी सत्यम ने बताया कि कई लोग हमको जान से मारने के प्रयास में है कुछ दिन पहले ही एक साधु भेष में धारण किये व्यक्ति कुछ लोगो के साथ आश्रम में घुस आया था जिसेके खिलाफ भी केश दर्ज कराया गया है।

## तालाब में डूबने से बुझा इकलौता चिराग, परिजनों में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश



**झूंसी।** हंडिया कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हरिपुर सिधवार (रायपुर)गांव में तालाब में डूबने से घर का इकलौता चिराग बुझ गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तालाब से निकालकर उपचार के लिए भर्ती कराया लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बेटे की डूबने की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बता दें कि हरीपुर सिधवार गांव निवासी ओम प्रकाश पुत्र विजय बहादुर पाल उम्र 13 वर्ष व उज्जवल कुमार पुत्र जिलाजीत उम्र 10 वर्ष भैंस चराने के लिए गांव के बगल के टेला गांव में गए हुए थे। भैस चराते-चराते दोनों बालक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टेला के बगल में स्थित तालाब संख्या 405 में भैंस धोने के लिए और पानी पिलाने के लिए तालाब के नीचे उतर गए। इसी दौरान दोनों बालक तालाब में डूबने लगे तो शोर-शराबा सुनकर मौके पर ग्रामीण इकट्ठा होकर तालाब में डूब रहे दोनों बच्चों को तालाब से बाहर निकाल कर बरौत स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले गए जहां से उन्हें रेफर कर दिया गया। परिजन तत्काल हंडिया कस्बा स्थित एक निजी अस्पताल में ले गए जहां डॉक्टरों ने ओमप्रकाश पुत्र विजय बहादुर उम्र 13 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। ओमप्रकाश पांच बहन और एक भाई में सबसे छोटा घर का इकलौता चिराग था। दूसरे बच्चे उज्जवल कुमार का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है जहां वह खतरे से बाहर बताया जा रहा है।

## प्रयागराज के जैन मंदिरों मे ड्रेस कोड लागू

**प्रयागराज।** सकल जैन समाज ने प्रयागराज स्थित जैन मंदिरों में अब श्रद्धालुओ के लिए ड्रेस कोड लागू हो गया है। जींस, हाफ पैंट, फ्रॉक, कटे फटे कपड़े चमकीले या भड़कीले कपड़े पहनकर आने वालो पर रोक लगेगी। मर्यादित एवं शालीन कपड़े पहनकर आने वालो को ही मंदिर मे ऐंट्री दी जायेगी। नगर के सभी जैन मंदिरों में बोर्ड भी लगा दिये गए है। दिगंबर जैन समाज के मंत्री राजेश जैन ने बताया कि मंदिरों में मर्यादित और शालीन कपड़े पहन कर ही प्रवेश करना चाहिए। इसलिए प्रयागराज मे इसकी शुरूआत कर दी गयी है। मंदिर जी मे श्रद्धालुओ को कोशिश करें कि सर ढककर ही दर्शन करे और पूर्ण काले वस्त्र पहनकर प्रवेश करने से बचें। विपरीत परिस्थितियों एवं पाश्चत्य संस्कृति से बचें। कोशिश करे हम सभ्य एवं सुशिक्षित समाज का नेत्रत्व करके अच्छा उदाहरण प्रस्तुत करें।





## सेवा भारती मातृ मंडल काशी प्रांत की ओर से निकली शोभा यात्रा

अखंड भारत संदेश

### यात्रा का जगह -जगह पर फूलों से किया गया स्वागत

**नैनी।** नैनी सेवा भारती मातृ मंडल काशी प्रांत किशोरी विकास एवं वैभव श्री प्रशिक्षण वर्ग 2023 की ओर से रविवार की शाम उद्योग नगर मैदान से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें छात्राएं आगे आगे बैंड बजाते हुए चल रही थीं। उनके हाथों में नर सेवा नारायण सेवा जैसे स्लोगन लिखी तख्तियां साथ में थी। यात्रा में शामिल मां भारती की भव्य झांकी लोगों के आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। यह यात्रा उद्योग नगर से निकलकर नई बाजार, त्रिवेणी नगर, मुक्ता बिहार, एडीए पुलिस चौकी चौराहा, महर्षि चौराहा होते हुए शकुन विद्या निकेतन देवरख में पहुंचकर समाप्त हो गई। यात्रा में मातृ शक्ति की हुंकार व भगवा झंडा लहराने से पूरा वातावरण एक तरह से भगवामय हो गया था। यात्रा का जगह -जगह पर लोगों ने स्वागत किया। इस यात्रा में शामिल सेवा भारती के अध्यक्ष सुजीत सिंह, वेद प्रकाश मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा सविता मिश्रा, शकुतंला मिश्रा, सर्व व्यवस्था प्रमुख सुकृत नैनी भाग के अधिकारी दशरथ विंध्याचल विजय प्रताप रजनीकांत दिनेश सिंह श्रवण, पवन नागेश प्रेम स डॉक्टर वर्षा जयसवाल शकुंतला अशोक आदि लोग उपस्थित रहे।

## नैनी थाने में पीस कमेटी की बैठक संपन्न



अखंड भारत संदेश

### पार्षद राकेश जयसवाल ने लोगों से की अपील शांतिपूर्वक ढंग से मनाएं त्यौहार

**नैनी।** नैनी थाना नैनी में आगामी त्यौहार के मद्देन नजर एक बैठक बुलाई गई एस डी एम करछना एवं नैनी थाना प्रभारी बृजेश सिंह के द्वारा पीस कमेटी की बैठक की गई बैठक में आएं हुए,संभ्रांत व्यक्ति व धर्मगुरुओं के साथ शांति समिति की गोष्ठी की गई, इस दौरान त्योहारों को आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण वातावरण के साथ मनाने की अपील कर शुभकामनाएं दी गई इस मौके पर नैनी कस्बा चौकी इंचार्ज उमाशंकर सिंह एवं सुरेंद्र सिंह नैनी थाना के अंतर्गत समस्त चौकी प्रभारी एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं चक रघुनाथ वार्ड नंबर 20 के सभासद राकेश जायसवाल एवं सिविल डिफेंस जिला अपराध निरोधक समिति एसपीओ पुलिस मित्र यूथ टीम प्रभारी एवं संचालक आशीष जायसवाल एवं समस्त एस पी ओ सदस्य एवं सामाजिक सेवा संस्थान के सदस्य उपस्थित रहे।

## अतीक अहमद की IS 227 गैंग की लिस्ट हो रही अपडेट, बेगम और बेटों का नाम होगा ऐड

**प्रयागराज।** 17 साल की उम्र से खून की नदियां बहाने वाले माफिया अतीक अहमद की क्र 227 गैंग की पुलिस समीक्षा कर रही है। इस गैंग में जहां अतीक की बेगम लेडी डॉन शाइस्ता परवीन और अतीक के दोनों बेटों उमर और अली का नाम शामिल किया जाएगा। वहीं गैंग की लिस्ट में कुछ नाम काटे भी जाएंगे। ये वो लोग हैं जो या तो इस दुनिया में नहीं है या फिर अपराध का दामन छोड़ चुके हैं। पुलिस ने गैंग के सदस्यों की सक्रियता परखनी शुरू कर दी है,जिसके लिए प्रयागराज के सभी थानों को ये निर्देश दिया गया है कि वो अपने थाना क्षेत्र में रहने वाले अतीक गैंग की गैंग IS 227 के सदस्यों के घर जाकर पता लगाए कि वो मौजूदा समय में क्या कर रहे हैं और इस समय वो कहां हैं,किसी अपराध में शामिल तो नहीं हैं। इसके लिए पुलिस ने अलग-अलग एक दर्जन जगहों पर जाकर चेकिंग भी की है।

**उमेश पाल हत्याकांड के बाद घर छोड़कर भागे अतीक के गुर्गे** : माफिया अतीक अहमद गैंग के सदस्य कुछ जेल में बंद हैं, जबकि कुछ जमानत पर बाहर हैं। जेल के बाहर रहने वाले अतीक के गुर्गे और करीबी उमेश पाल हत्याकांड के बाद से घर छोड़कर भागे हैं।पुलिस ने प्रयागराज के बेली गांव करेली, धूमनगंज, चकिया, दामोपुर, कसारी मसारी, राजरूपपुर अतरसुइया, पूरामुफ्ती, हटवा इलाको में जाकर IS 227 गैंग के सदस्यों को खोजना शुरू कर दिया है। इसमें एक पूर्व सपा विधायक और एक सपा नेता के घर पर भी पुलिस गई थी और उनके बारे में पता लगाया। इन दोनों नेताओं का नाम गैंग की लिस्ट में शामिल है।

**मायावती की सरकार में IS 227 गैंग को रजिस्टर्ड किया** : माफिया अतीक अहमद की IS227 गैंग 2007 में मायावती की सरकार में रजिस्टर्ड किया गया था। अतीक के इस गैंग में कुल 122 लोगों का नाम जोड़ा गया था,जिसमें हार्ड कोर अपराधी तो शामिल थे ही, साथ में कई सफेद पोश लोगों को भी सूचीबद्ध किया गया था, जिसमें कई सपा नेता और एक पूर्व विधायक भी शामिल हैं। पूर्व विधायक का नाम 21वें नंबर पर दर्ज है, जिन पर अतीक गैंग को फंडिंग करने का आरोप लगा था। हालांकि अतीक के इस गैंग में 122 में से 13 लोग मर भी चुके हैं।इसलिए पुलिस नई लिस्ट अपडेट कर मृतकों के नाम को हटाएगी, जिसकी तैयारी चल रही है।

**लिस्ट में शामिल अतीक के करीबी सफेद पोश नेता परेशान** : उमेश पाल हत्याकांड के बाद अतीक गैंग पर जिस तरह से सरकार शिकंजा कस रही है।उससे गैंग की लिस्ट में शामिल अतीक के करीबी सफेद पोश नेता काफी परेशान हैं। गैंग लिस्ट अपडेटिंग में वो अपना नाम हटवाने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। किसी ने कमिश्नर को अर्जी भेजकर अतीक से अपना किनारा किया, तो किसी ने आईजी को अर्जी भेजकर अतीक गैंग से ताल्लुक नहीं होने का हवाला दिया।



## प्रभु श्री जगन्नाथ जी को छप्पन-भोग का महाप्रसाद से भक्तों द्वारा भव्य भंडारे का किया गया आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** श्री जगन्नाथ जी महोत्सव समिति (ट्रस्ट) द्वारा दुर्गा प्रसाद गुप्ता अध्यक्ष, दाऊ दयाल गुप्ता उपाध्याय, गगनदास गुप्ता मंत्री, जयराम गुप्ता कोषाध्यक्ष, अनिल केसरवानी, त्रिलोकी केसरवानीसंयोजक, राजेश केसरवानी सह संयोजक, बसंत लाल आजाद द्वारा भव्य भंडारे और अन्य कार्यक्रम को आयोजित किया गया जिसमे अनेकों प्रतिभागी ने भाग लिया और के सच्चे मन से बिना कोई भेदभाव से सभी ने सहयोग किया प्रयागराज वासियों द्वारा संचालित भंडारे में शहर के कई राजनेता, व्यापारी, तमाम अधिकारियों पदाधिकारीयो, सदस्यों ने भी कार्यकम में भाग लिया और उन्हें ट्रस्ट द्वारा सम्मानित भी किया गया। महिलाओं समेत हजारों की संख्या में लोगों ने महाप्रसाद को ग्रहण किया। जिसमें चौक व्यापार मण्डल के अध्यक्ष दिनेश सिंह , बादशाही मंडी व्यापार मण्डल के अध्यक्ष रंजीत यादव, श्री सिद्धि विनायक सेवा समिति के अध्यक्ष रत्नेश यादव , अरविन्द पाण्डेय पत्रकार, पवन मिश्रा अधिवक्ता अनूप मिश्रा पाषर्द, पवन गौड़, सूरज संजय गुप्ता, पवन गुप्ता, शिवम गुप्ता, सक्षम गुप्ता विशाल अग्रवाल आदि लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## महाकुंभ के कार्यों की गुणवत्ता पर दिया जा रहा है विशेष ध्यान : मेलाधिकारी

**प्रयागराज।** प्रयागराज में 2024 - 25 में होने वाले महाकुंभ के मेला अधिकारी विजय किरन आनंद ने महाकुंभ के होने वाले विकास कार्यों की आज सभी विभागों के अफसरों के साथ समीक्षा बैठक ट्रिपलसी परेड ग्राउंड में किया। उन्होंने सभी विभागों के अफसरों को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दिया कि किसी भी विकास कार्य चाहे वह स्थाई हो या अस्थाई हो उसकी गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा । उन्होंने कहा कि अगर किसी भी कार्य में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाई जाती है तो ऐसा करने वाले संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सहित समस्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। मेलाधिकारी विजय किरन आनंद आज सुबह करीब 10:00 बजे लखनऊ से चलकर प्रयागराज पहुंचे। वह परेड स्थित ट्रिपलसी सभागार में महाकुंभ मेला से जुड़े सभी विभाग के अधिकारियों के साथ महाकुंभ के लिए हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा किया। उन्होंने इस दौरान दो बन रहे एसटीपी का निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए । मेलाधिकारी ने प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा दो दर्जन से ज्यादा बनाई जाने वाली सड़कों के बारे में भी विस्तार से जानकारी लिया और प्राधिकरण के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिया। मेलाधिकारी ने कहा कि महाकुंभ मेला से जुड़े सभी विकास कार्य अक्टूबर 2024 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण हो जाएंगे । इस दौरान जो भी कार्य हो रहे हैं उनकी प्रत्येक हफ्ते समीक्षा और उनका स्थलीय निरीक्षण होता रहेगा जिससे कि किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी न होने पाए। मेला धिकारी ने कहा कि महाकुंभ का जिस तरह से प्रचार-प्रसार देश ही नहीं बल्कि विश्व में हो रहा है इससे बहुत अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के देश ही नहीं बल्कि विदेश के अन्य देशों से महाकुंभ 2025 में प्रयागराज आने की संभावना है ऐसे में सभी प्रकार की तैयारियां सड़क, बिजली, पानी, पाण्टून पुल सहित अन्य को और विस्तार दिया जा रहा है जिससे कि किसी प्रकार की किसी श्रद्धालु को कोई असुविधा न होने पाए। बैठक में महाकुंभ के एडीएम दयानंद प्रसाद, एडीएम विवेक चतुर्वेदी सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाई गयी सत्य प्रकाश मालवीय जी का जयंती

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** अखिल भारतीय मालवीय सभा प्रयाग के तत्वावधान में स्वर्गीय सत्य प्रकाश मालवीय की जयंती, माधव प्रसाद मनोहर दास विश्रामालय (बच्चा जी की धर्मशाला) रानी मंडी में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक मालवीय जी ने की। इस कार्यक्रम के विषय मे जानकारी प्रदान करते हुए अखिल भारतीय मालवीय सभा प्रयाग के प्रिंट मीडिया प्रभारी श्री गोपाल जी मालवीय एवं मल्टीमीडिया प्रभारी श्री आलोक मालवीय ने बताया कि, कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वर्गीय सत्य प्रकाश मालवीय के चित्र के सामने दीप प्रज्जवलन एवं पुष्प माला अर्पित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसद सदस्य लोकसभा श्रीमती डॉक्टर रीता बहुगुणा जोशी ने मालवीय जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया एवं उनके जीवन पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि गिरी शंकर प्रभाकर (गिरि बाबा) ने भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें महान सामाजिक कार्य करता बताया। उन्होंने कहा मालवीय जी ने दलितों एवं पिछड़ों के लिए हमेशा कार्य किया। ज्ञात हो कि, स्वर्गीय सत्य प्रकाश मालवीय जी की स्मृति में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसके संयोजक ज्योति दुबे थे। इस प्रतियोगिता में 10 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया था। विद्यालय के नाम इस प्रकार हैं।गौरी पाठशाला इंटर कॉलेज, आदर्श कन्या इंटर कॉलेज, आर्य कन्या बालिका इंटर कॉलेज, रमादेवी बालिका इंटर कॉलेज, शिवचरण दास कन्हैयालाल इंटर कॉलेज, जगत तारन बालिका इंटर कॉलेज, ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महदौरी, रानी रेवती देवी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, क्राथवेट बालिका इंटर कॉलेज, स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर कल्याणी देवी। कार्यक्रम के अंत में इन विद्यालयों के प्रतिभागियों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्रीमती सुनीता चोपड़ा (पार्षद) ने भी अपने विचार व्यक्त किया। राम जी केसरवानी मैं भी अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन मृदुल मालवीय ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन मंत्री विकास मालवीय ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक दुबे,उपाध्यक्ष मृदुल मालवीय श्रीमती पूनम मालवीय, मंत्री विकास मालवीय, उप मंत्री श्री श्री ज्योति दुबे श्री प्रखर मालवीय, कोषाध्यक्ष श्री रोहित मालवीय लेखा परीक्षक श्री सूर्य नारायण चतुर्वेदी एवं श्री वीरेन्द्र मालवीय मनोज मालवीय,अंशु मालवीय, अरविंद मालवीय डॉ पूर्णिमा मालवीय सहित अखिल भारतीय मालवीय सभा प्रयाग के पदाधिकारी गण एवं आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## फेस ऑफ प्रयागराज का हुआ ऑडिशन

**नैनी।** प्रयागराज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से रुद्रा इवेंट्स द्वारा फेस ऑफ प्रयागराज के आयोजन का द्वितीय ऑडिशन सिविल लाइन स्थित तुलसी होटल एंड स्वीट्स में लिया गया। रुद्रा इवेंट्स की फाउंडर मशहूर मॉडल एकता एवं निदेशक अमरीश सिंह ने बताया कि यह आयोजन प्रयागराज में विभिन्न विधाओं में सक्रिय होकर अपने कार्य क्षेत्र में कुशलता से स्वयं को स्थापित कर समाज के सजग प्रहरी बन समाज की सेवा करने वाले लोगों के लिए आयोजित है साथ ही गायन नृत्य ,मॉडलिंग विधा में प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है जिसके प्रथम चरण का ऑडिशन ऑनलाइन माध्यम से दो दर्जन प्रतिभागियों का लिया जा चुका था आज द्वितीय चरण में पुनः बीस से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग कर गायन ,नृत्य तथा मॉडलिंग में खुद को बेहतर साबित करने के लिए प्रयास किया। आयोजन के द्वितीय चरण के ऑडिशन का शुभारंभ माननीय विधायक शहर उत्तरी श्री हर्षवर्धन बाजपेई के कर कमलों से हुआ। श्री बाजपेई ने कहा कि रूद्रा इवेंट्स द्वारा किया जा रहा यह प्रयास वास्तव में काबिले तारीफ है एवं ऐसे प्रयासों से शहर की प्रतिभाओं को मंच पर लाकर उन्हें प्रोत्साहित करना नेक कार्य है इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेविका श्रीमती नीलम प्रसाद, समाज सेविका एवं चिकित्सिका डॉक्टर रश्मि सिंह, समाजसेवी एवं भाजपा नेत्री प्रियंका पराशर ,यमुनापार कलाकार संघ के अध्यक्ष ,गायक, उद्घोषक एवं अभिनेता प्रियांशु श्रीवास्तव सहित पार्श्वगायक आशीष शर्मा की उपस्थिति रही कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप में मुख्य भूमिका में नृत्य एवं मॉडलिंग का निर्णय मशहूर कोरियोग्राफर किशन कश्यप एवं श्रद्धा कुशवाहा रहे ,गायन विधा में प्रतिभागियों को गायक प्रियांशु श्रीवास्तव एवं गायक आशीष शर्मा ने गायन की तकनीकी से परिचित कराकर प्रोत्साहित भी किया आयोजन के तीसरे चरण में अभी प्रतिभागियों का पंजीकरण ऑनलाइन ऑडिशन के माध्यम से लिया जाएगा तथा जुलाई माह में फेस ऑफ प्रयागराज का फिनाले राउंड विशाल स्तर पर प्रयागराज में आयोजित होगा यह जानकारी संस्था की निदेशक श्रीमती एकता ने दिया।

# लीला पैलेस में लोकतंत्र रक्षक सेनानियों का हुआ सम्मान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी प्रतापगढ़ द्वारा लीला पैलेस, मीरा भवन में रविवार को लोकतंत्र और राजनीति के सबसे दुखद और काले अध्याय को आपातकाल के समय अपने जीवन को परवाह ना करते उस तानाशाही का विरोध करने वाले लोकतंत्र रक्षक सेनानियों का सम्मान करके मनाया गया।

संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्र ने बताया कि आपातकाल के समय 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक का 21 महीने की अवधि में भारत में आपातकाल

आपातकाल की घटनाओं की सांसद, विधायक, नपाध्यक्ष ने की चर्चा



लीला पैलेस में आयोजित बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र

घोषित था। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी नागेन्द्र रघुवंषी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को प्रतिबन्धित कर दिया गया क्योंकि माना गया कि यह संगठन विपक्षी नेताओं का करीबी है तथा इसका बड़ा संगठनात्मक आधार सरकार के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन करने की सम्भावना रखता था। सांसद संगमलाल गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के बेटे संजय गांधी के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर पुरुष नसबंदी अभियान चलाया गया। सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया कि मामला 1971 में हुए लोकसभा चुनाव का था, जिसमें इंदिरा ने अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी राज नारायण को पराजित किया था। लेकिन चुनाव परिणाम आने के चार साल बाद राज नारायण ने हाईकोर्ट में चुनाव परिणाम को चुनौती दी। नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह ने प्रकाश डालते हुए बताया सभी विपक्षी दलों के नेताओं और सरकार के अन्य स्पष्ट आलोचकों के गिरफ्तार किये जाने और सलाखों के पीछे भेज दिये जाने के बाद पूरा भारत सदमे की स्थिति में था। पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि आपातकाल लागू करने के लगभग दो साल बाद विरोध की लहर तेज होती देख प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लोकसभा भंग कर चुनाव कराने की सिफारिश कर दी। इस मौके पर लोकतंत्र रक्षक सेनानी राम सेवक त्रिपाठी, लोकतंत्र रक्षक सेनानी सी बी सिंह, शिव प्रकाश मश्र सेनानी, लोकतंत्र रक्षक सेनानी अध्यक्ष विजय पाल सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक जिला सह मीडिया प्रभारी देवेश त्रिपाठी रहे। संचालन जिला प्रवक्ता राघवेंद्र शुक्ल ने किया।

# धूमधाम से मनाया जाएगा साई बाबा का महोत्सवः शैलेन्द्र

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शिरडी वाले साईं बाबा का महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। श्री साईंनाथ संस्थान बलीपुर ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है।

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर साई दर्शन मंदिर बलीपुर में तीन दिवसीय सांई महोत्सव होगा। इसका शुभारंभ दो जुलाई से पालकी शोभा यात्रा से किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया जिसमें अध्यक्ष शैलेंद्र मिश्रा ने बताया कि इस बार 2, 3 व 4 जुलाई



साई बाबा के महोत्सव की तैयारी बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

को कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें जल संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण के लिये पेड़ लगाने का संदेष भी दिया जाएगा। बैठक में सीएम त्रिपाठी, विनोद सिंह, राकेष सादवानी, विवेक धींगरा, देवव्रत मिश्र, रिंकू सरदार, मोनू गांधी, शनिव्रत, छोटू, मोनू, चंद्रमौलि सिंह, अमन, षिवम, स्वस्ति, ऋषि समेत कई भक्तगण मौजूद रहे।

# दूसरे दिन हुआ मृतक का अन्तिम संस्कार, युवक हत्याकाण्ड को लेकर परिजनों में कोहराम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर थाना क्षेत्र में युवक की गोली मारकर हत्या को लेकर मृतक के परिजनों में रविवार को भी कोहराम मचा दिखा। वहीं शनिवार की देर रात रायबरेली से पीएम के बाद मृतक का शव उसके घर पहुंचा तो परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे।

मृतक युवक का रविवार की सुबह गांव में ही एक बाग में कड़ी पुलिस निगरानी में अन्तिम संस्कार कर दिया गया। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे बसावन राहाटीकर निवासी सुरेश सिंह के पुत्र दीपक सिंह सोनू, की शनिवार की भोर गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। मृतक का शव रायबरेली जिले के सलवन थाना के अन्तर्गत सई नदी के गाड़ी घाट पर बरामद हुआ था। सलवन पुलिस ने मृतक के शव को पीएम के लिए रायबरेली जिला अस्पताल भेजवाया था।

घटना में मृतक के चाचा शेषकुमार सिंह की तहरीर पर पूरे बसावन के अंकित यादव तथा रंजीत कोरी व विजय बहादुर सिंह के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। मृतक युवक अपने ननिहाल में पिछले आठ माह से रह रहा था। हालांकि सोनू की हत्या आसनाई के चलते आंकी जा रही है। पुलिस का कहना है जबतक आरोपी हिरासत में नहीं लिए जाते तब तक घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सकेगा। एसओ उदयपुर निकेत भारद्वाज का कहना है कि पुलिस की दो टीमें आरोपियों की तलाश में लगी हुई है। शीघ्र ही आरोपियों को धर दबोचा जाएगा।

## लूट के अभियोग का वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**पट्टी, प्रतापगढ़।** थाना दिलीपपुर क्षेत्र के गांव यहियापुर निवासी एक व्यक्ति जो लूट के मामले में वहां से चल रहा था पट्टी कोतवाली पुलिस थानाक्षेत्र के पट्टी के उडैयाडीह बाजार से गिरफ्तार किया गया। थाना पट्टी के उ0नि0 गुलाब सिंह व उ0नि0 राधेश्याम सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान लूट से संबंधित वारण्टी अभियुक्त जैद पुत्र यहिया खान नि0ग्राम यहियापुर थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र के पट्टी के उडैयाडीह बाजार से गिरफ्तार किया गया।

# पुलिस लाइन में साइकिल पाने से खिले चौकीदारों के चेहरे

## सांसद, एसपी, विधायक व नपाध्यक्ष ने 190 चौकीदारों को वितरित की साइकिल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस लाइन में आज 190 चौकीदारों (ग्राम सेवकों) को साइकिल वितरित की गई। साइकिल पाकर चौकीदारों के चेहरे खिल गये थे। इस अवसर पर सांसद संगम लाल गुप्ता ने चौकीदारों को गांव का इंस्पेक्टर बताते हुए कहा कि छोटे-मोटे विवाद तो गांव में चौकीदार ही हल कर लेते हैं। इसके अलावा गांव के हर घटना की सूचना थाने में देने की इनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। इस अवसर पर नगर



चौकीदारों को साइकिल वितरित करते सांसद, एसपी, विधायक व नपाध्यक्ष।

पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने कहा कि चौकीदारों का महत्व आजादी के पहले से रहा है। अब इनकी जिम्मेदारियां बहुत बढ़ गई है। शासन ने इनका मानदेय भी बढ़ा दिया है। इस अवसर पर मौजूद सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य ने कहा कि चौकीदारों की जिम्मेदारी कानून व्यवस्था में भी सहायक होती है। कार्यक्रम के आयोजक पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने कह कि चौकीदारों को अब शासन साइकिल की सहूलियत दे रहा है जिससे कि वह सूचना पाने पर कहीं भी कभी भी गांव व थाने पहुंच सकते हैं। एसपी ने चैकीदारों के कर्तव्यों व दायित्वों का बोध कराते हुए कहा कि कानून व्यवस्था को नियंत्रित रखने में चैकीदार की भी भूमिका महत्वपूर्ण होती है। बता दें कि आज भी चैकीदारों की सूचना पर थाना पुलिस अधिक विष्वास करती है।

## ग्रीष्मावकाश में विद्यालय खुले मिले तो होगी कठोर कार्यवाहीः बीएसए

**लालगंज, प्रतापगढ़।** परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश में शासन ने बढ़ोत्तरी करते हुए अब दो जुलाई तक विद्यालयों को बन्द रखे जाने के निर्देश दिये है। बीएसए भूपेन्द्र सिंह ने खण्ड शिक्षा अधिकारी को दिये गये निर्देश में कहा है कि आगामी दो जुलाई को कक्षा एक से आठ तक सभी परिषदीय तथा मान्यता प्राप्त, सहायक मान्यता प्राप्त व अग्रंजी हिन्दी माध्यम के विद्यालय किसी भी दशा में संचालित नहीं मिलने चाहिए। उन्होंने परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को भेजे गये परिपत्र में यह भी कहा है कि विद्यालय खुलने के एक दिन पूर्व वहां साफ सफाई के भी समुचित प्रबन्ध सुनिश्चित किये जाने चाहिए। बीएसए ने शासन के आदेश के विपरीत अवकाश की अवधि में किसी भी विद्यालय को संचालित पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की भी चेतावनी निर्गत की है।

# असुविधाओं के बीच बाबा घुइसरनाथ धाम का परिसर

## मंदिर के बगल गंदगी का लगा ढेर, गंगा सरोवर को भी है पानी की तलाश

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्ति पौराणिक बाबा घुईसरनाथ धाम इस समय असुविधाओं के बीच नजर आ रहे है। मंदिर के सामने ही गंदगी का ढेर लगा हुआ है तो दूसरी तरफ गंगा सरोवर को भी पानी की तलाश है। धाम में मौजूद समस्या की तरफ किसी का भी ध्यान नहीं जा रहा है।

स्थानीय तहसील क्षेत्र के सांगीपुर विकास खंड स्थिति पौराणिक बाबा घुईसरनाथ धाम की पहचान जिले में ही नही बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर की जाती है। मंदिर के सामने पर्यटन विभाग द्वारा लाखो की कीमत से कांफ्रेंस हॉल



बाबा घुइसरनाथ धाम में लगा गंदगी का अम्बार।

बनाया गया है जो रख-रखाव के अभाव में पूरी तरह से गंदगी के ढेर से पटा हुआ है। यही नहीं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए गंगा सरोवर को भी बनाया गया है लेकिन वह भी इस भीषण गर्मी में सूखा पड़ा हुआ है। सारी व्यवस्था होने के बावजूद भी रख-रखाव के अभाव सभी दम तोड़ते नजर आ रहे है। वहीं धाम में दूर-दराज से आए भक्त अपनी मुरादो को मांगते है। मन्नते पूरी होने पर लोग चढ़ावा भी चढ़ाते है। धाम में रोज देश के कोने-कोने से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहता है। यहां की व्यवस्था में अव्यवस्था को देखकर कही न कही से श्रद्धालुओं के मन में सवाल पैदा जरूर होते होंगे। देखा जाए तो सभी प्रकार की व्यवस्थाएं नजर आती है, फिर भी कैसे अव्यवस्था? इसे प्रशासनिक अमला की लापरवाही कहे या फिर मंदिर परिसर के व्यवस्थापक की? फिलहाल कुछ भी हो धाम में गंदगी व सूखा पड़ा गंगा सरोवर पर लोगो द्वारा सरकारी तंत्र व्यवस्था पर उंगली उठती नजर आ रही है।

# एमडीपीजी कालेज में चल रही परीक्षा में 18 रहे अनुपस्थित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय की बीएड, बीएएलएलबी एवं एलएलबी की परीक्षाएं जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों चल रही हैं। एमडीपीजी कॉलेज में प्राचार्य प्रो0 मनोज मिश्र के निर्देशन में परीक्षाएं सुचारू रूप से संपन्न हो रही हैं। महाविद्यालय के जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि एमडी पीजी कॉलेज में आज दोनों पारियों में 35 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में 453 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें 435 ने परीक्षा दी और 18 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 959 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें 942 ने परीक्षा दी और 17



परीक्षा कक्ष का निरीक्षण करते जनसूचनाधिकारी।

अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में बीएएलएलबी की परीक्षाएं हुई जबकि दूसरी पाली में बीएड एवं बीएएलएलबी की परीक्षाएं हुईं। महाविद्यालय के शिक्षक प्रो0 सुधांशु त्रिपाठी, डॉ0 राजेंद्र मिश्र, डॉ0 रंजीत पटेल लगातार आज के परीक्षा की निगरानी करते रहे। एमडीपीजी कॉलेज में बीए, बीकॉम एवं बीएससी प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु आवेदन फार्म वितरण की तिथि 30 जून तक बढ़ा दी गई है। महाविद्यालय के जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि छात्र-छात्राएं अब 30 जून तक आवेदन फार्म प्राप्त कर सकेंगे।

# कनुश्री मातनहेलिया को मिली राष्ट्रीय फेलोशिप

अखंड भारत संदेश



कनुश्री मातनहेलिया।

**प्रतापगढ़।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा कला व संस्कृति के क्षेत्र में विशिष्ट व्यक्तियों को दी जाने वाली राष्ट्रीय स्तर की जूनियर फैलोशिप (वर्ष 2020-21) के लिए प्रतापगढ़ जनपद की कनुश्री मातनहेलिया का चयन किया गया है। इस फेलोशिप के अंतर्गत संस्कृति मंत्रालय द्वारा कनुश्री को लोक संस्कृति के क्षेत्र में उनकी शोध परक परियोजना को संपादित करने के लिए दो वर्ष तक प्रतिमाह दस हजार रुपए की धन राशि प्रदान की जाएगी। कला के विभिन्न क्षेत्रों से देशभर के 25 से 40 वर्ष की उम्र के संस्कृतिकर्मियों के बीच प्रतापगढ़ जनपद की सशक्त उपस्थिति दर्ज कराने वाली कनुश्री मातनहेलिया स्वयं एक उत्कृष्ट चित्रकार तथा ब्रांडिंग व मार्केटिंग क्षेत्र की विशेषज्ञ हैं। देश के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में शिक्षा प्राप्त करने के बाद कनुश्री ने कई प्रतिष्ठित व ख्यातिप्राप्त कंपनियों में काम करके व्यवसायिक दृष्टि से सफलता प्राप्त की। अब वे पूर्ण रूप से कला व संस्कृति के क्षेत्र में कार्य कर रही है। कनुश्री की बड़ी बहन डॉ शिवानी मातनहेलिया ख्यातिप्राप्त वरिष्ठ संगीतज्ञ व अति प्रतिष्ठित समाजसेवी हैं, जिन्हें वर्ष 2005 में जूनियर तथा वर्ष 2016 में सीनियर फैलोशिप प्रतापगढ़ में सबसे पहले प्राप्त करने का श्रेय मिल चुका है। कनुश्री मातनहेलिया की इस उपलब्धि पर जनपद के कलाकारों व संस्कृतिकर्मियों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

## नगर अध्यक्ष ने सफाईकर्मियों को दिए दिशा निर्देश, हुई सफाई

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बरसात के बाद बजबजाई नालियां लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई। लोगों की शिकायत पर इसे पट्टी नगर अध्यक्ष अशोक जायसवाल ने संज्ञान में लिया और नगर की कई नालियों को साफ करने के लिए सफाई कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। रविवार को छुट्टी होने के बाद भी सभी सफाई कर्मी नगर में बनी हुई नालियों की सफाई में जुट गए इस संबंध में नगर अध्यक्ष अशोक जायसवाल से बात करने पर उन्होंने बताया कि रविवार का दिन था सफाई कर्मियों को दिशा निर्देश दिया गया लेकिन अपने कार्यों के प्रति सजग रहने वाले सफाई कर्मी बिना हिचक के नाले की सफाई में जुट गए उन्होंने कहा कि हम पट्टी नगर को पूरी तरीके से स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए कृत संकल्पित है।

# कानपुर ऊंचाहार पैसेंजर ट्रेन के सामने कुदकर महिला ने दी जान, कोहराम

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ रेलवे ट्रैक पर रविवार की सुबह कानपुर से ऊंचाहार होकर प्रयागराज संगम को जा रही पैसेंजर ट्रेन के इंजन के सामने महिला ने कूदकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली।

घटना के बारे में बताया जा रहा है कि नवाबगंज थाना क्षेत्र

**परिवार मे लड़ाई झगड़ा होने पर दी जान**

के बाजिदपुर निवासी श्रीमती कृष्णा देबी पत्नी बृजलाल वर्मा (48) वर्षीय रविवार की सुबह घर मे किसी बात को लेकर लड़ाई झगड़ा होने पर दुखी होकर रेलवे ट्रैक के किनारे गिट्टी पर जाकर बैठ गई। सामने ऊंचाहार की तरफ से सुबह लगभग 8 बजे आ रही ट्रेन 04102 कानपुर पैसेजर ट्रेन के इंजन के सामने कूद्कर अपनी जान दे दी घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सभी घटना स्थल की और दौड़ पड़े। ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई ।उधर मौके पर ऊंचाहार आरपीएफ व जीआरपी पुलिस भी पहुंच गई। महिला की ट्रेन से कटकर मौत होने पर ट्रेन ड्राइवर ने स्टेशन पंहुचकर परियावां रेलवे स्टेशन अधीक्षक चेतन शुक्ला को लिखित सूचना दिया कि 36 व 37 गेट के बीच मे एक महिला लाइन किनारे गिट्टी पर बैठी थी जो ट्रेन के पहुंचने पर इंजन के आगे कूद गई जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना देने के बाद ट्रेन आगे के लिए रवाना हो गई। मृतक महिला के चार बेटे है जिसमे दो बेटों की शादी हो चुकी है। घटना की सूचना मिलने पर नवाबगंज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी अपने सहयोगी एस आई अनूप कुमार व पुलिस कर्मियों को लेकर घटना स्थल पर पहुँचे और शव की लिखा पढ़ी कर पंचनामा तैयार करके पी एम के लिए भेज दिया। घटना की बाबत पूछे जाने पर थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों के मुताबिक महिला का मानसिक संतुलन ठीक नही था जो लगभग दो माह पहले कुए में गिर गई थी। परिजनों की मौजूदगी मे शव की लिखा पढ़ी करके पीएम को भेज दिया गया है।

## मोटरसाइकिल को डंपर ने मारी टक्कर युवक की हुई मौत

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के सैलवारा निवासी बृजेश कुमार पुत्र ओमकार नाथ पांडे उम्र (52) वर्ष शनिवार को अपनी बहन के यहां सलोन रायबरेली गया हुआ था। रात्रि में लगभग 8 बजे वापस लौटते समय संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के रसूलपुर के समीप पहुंचा था कि मानिकपुर की ओर से जा रहे अज्ञात डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने जब दुर्घटना की आवाज सुनी तो मौके पर पहुंचे और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामगढ़ भेज दिया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के दो लड़के और दो लड़की हैं बड़े लड़के की शादी हो चुकी है और बड़ी लड़की की शादी 9 दिसंबर को होनी थी।

# सड़क हादसे में पत्रकार की हुई मौत, शोक

अखंड भारत संदेश

**बाघराय, प्रतापगढ़।** बाधराय थाना क्षेत्र के मंडलभासौ बाजार गांव निवासी एक दैनिक अखबार के पत्रकार कृष्ण प्रताप सिंह (49) बीते शनिवार की देर शाम आठ बजे के करीब घर से गैस सिलेंडर लाने के लिए बाइक से कंहैयानगर जा रहे थे तभी मंडलभासौ गांव के सड़क के पास बन रहे नये पुल के पास बाइक मिट्टी से सरक जाने के बाद पुल के अंदर जा गिरी।

गंभीर रूप से घायल कृष्णप्रतापसिंह चिल्ला रहे थे तभी भिटारा से लौटते समय थानाध्यक्ष बाघराय त्रिलोकीनाथ

## पत्रकार की मौत से व्याारियों ने बंद रखी दुकान

पांडे ने तुरंत गंभीर रूप से घायल पत्रकार को अपनी गाड़ी से सीयचसी बाघराय ले आए जहां हालत नाजुक होने पर डाक्टरों ने प्रारंभिक इलाज के बाद यस आर यन प्रयागराज रेफर कर दिया लगभग दस बजे के करीब प्रयागराज पहुंचकर कृष्णप्रतापसिंह ने दम तोड दिया आनन फानन में परिजन शव लेकर घर चले आए। सुबह यस आई सचिन पटेल ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पीयम के बाद शव घर आने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पत्रकार केपी सिंह की मौत पर पूरे बाजार के व्यापारियों ने शोक में अपनी अपनी दुकानें बंद कर अंतिम संस्कार में शामिल हुए। इस मौके पर विधायक विनोद सरोज व प्राथमिक शिक्षक संघ जिला उपाध्यक्ष आशुतोष गुप्ता, बिहार अध्यक्ष मानवेन्द्र द्विवेदी व अध्यक्ष सुशील शुक्ला व थानाध्यक्ष बाघराय त्रिलोकीनाथ पांडे व प्राचार्य आरयसबी इंटर कॉलेज सुंदरगंज रामपूजन यादव व पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेमबहादुरसिंह व प्रधान अबिनाश यादव व बाघराय व्यापार मंडल अध्यक्ष बांकेलाल चैरसिया व महामंत्री अनिल पांडेय सीयचसी बाघराय अधीक्षक डाक्टर नौशाद हुसैन ने गहरा दुख जताया है।

# बहुगुणा पीजी कालेज में चल रही परीक्षा में 15 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज प्रतापगढ़ में चल रही विश्वविद्यालय परीक्षा बी एड, एल एल बी, द्वितीय सेमेस्टर एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा शान्ति पूर्ण सम्पन्न हुई। नकल बिहीन परीक्षा कराने में केंद्राध्यक्ष से लेकर उड़ाका दल पूरा मुस्तेदी से लगा रहा। कालेज गेट की तलाशी से लेकर कमरों तक की



परीक्षा कक्ष का निरीक्षण करते केन्द्राध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार मिश्र।

तलाशी में प्राचार्य एवं उड़ाका दल विशेष सक्रिय है। केंद्राध्यक्ष प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार मिश्र का कहना है कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय की गरिमा नही गिरने दूंगा। हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज में नकल विहीन परीक्षा के कारण विश्वविद्यालय द्वारा कई सेंटर जोड़े गए हैं जिनकी परीक्षा संम्पन्न हो रही है। आज प्रथम एवं द्वितीय पाली की परीक्षा में उपस्थित 1000 के ऊपर छात्रों ने परीक्षा दी। 15 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। उक्त सूचना कालेज जनसूचनाधिकारी डॉ फणीन्द्र नारायण मिश्र ने दी।

## स्कूली बैग पाकर खिल उठे नौनिहालों के चेहरे

अखंड भारत संदेश

**बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप ने पचास से अधिक छात्रों को बांटा निशुल्क बैग**

**प्रतापगढ़।** स्कूल खुलने से पहले बैग पाकर नौनिहालों के चेहरे पर मुस्कान आ गई। बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी ने रविवार को एक समारोह में बैग वितरित कर पचास से अधिक जरूरतमंद छात्रों को निशुल्क बैग वितरित कर उनके चेहरों पर मुस्कान लाने का एक प्रयास किया है। भंगवा गांव स्थित बच्चा बैंक के निशुल्क स्टडी सेंटर पर जरूरतमंद छात्रों के लिए बैग वितरित का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें क्लास एक से इंटर तक के करीब पचास से अधिक छात्र छात्राओं को बैग दिया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मेडिकल कालेज के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार और विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ फिजिशियन डाक्टर मनोज खत्री ने बैग बांटा। डाक्टर खत्री ने कहा कि मन लगाकर पढ़ाई करें। सफलता उनके कदम चूमेगी। डाक्टर अनिल ने कहा कि बच्चा बैंक छात्रों की हर संभव मदद कर रहा है। आगे भी करता रहेगा। संचालन प्रिंसिपल शनि सरोज ने किया। प्रदीप यादव, सानू ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## खबर संक्षेप

### मजदूरी मांगने पर डीजे संचालक को जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए दी जान से मारने की धमकी

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव का जितेन्द्र कुमार पासी पुत्र बुधराम डीजे संचालक है! दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि मेरे गांव के विनोद शुक्ला के लड़की की दिनांक 23-6-2023 को बारात आयी थी! जिसमें लड़की के पिता ने अपनी ओर से डीजे 12 हजार रुपए में तय किया था! बयाना के तौर पर 5 सौ रूपए दिया था! शेष मजदूरी बारात वाले दिन देने को कह कर टाल दिया! दिनांक 24-6-2023 को पीड़ित जितेंद्र कुमार डीजे संचालक विनोद शुक्ला के घर अपनी शेष मजदूरी 11 हजार 5 सौ रूपए मांगने गया तो जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए भद्दी - भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की नीयत से जितेंद्र कुमार को दौड़ा लिया। पीड़ित ने लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र चरवा थाना में दिया है चरवा पुलिस जांच में जुट गई है।

# कांग्रेस की तानाशाही और भ्रष्टाचार ने किया था देश का बंटाधार : अनीता त्रिपाठी

**भारतीय जनता पार्टी जिला केंद्रीय कार्यालय में किया गया लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान, लोकतंत्र और आपातकाल पर गोष्ठी में रखा संगठन के लोगों ने अपना विचार**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** आपातकाल के दिन को याद करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला केंद्रीय कार्यालय में लोकतंत्र सेनानियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया इस दौरान लोकतंत्र सेनानी यशपाल केसरी, मोहन श्याम, गुलाबचंद, सुरेंद्र कुमार, महंत प्रसाद, नेपाल सिंह, तथा आश्रित श्रीमती कांति देवी को मुकुट पहनाकर उनके लोकतंत्र को बचाने के लिए किए गए संघर्षों को याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने किया जबकि कार्यक्रम का संचालन ओम नारायण शुक्ल द्वारा किया गया। इस मौके बोलते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने कहा कि देश को अंग्रेजों से आजाद कराने के बाद एक बार ऐसा भी समय आया जब देश के लोकतंत्र को कांग्रेस ने



लोकतंत्र सेनानी सम्मान में उपस्थित लोग

खाने का प्रयास किया था। ऐसे में भारत माता के वीर सपूत जो कि भारत को लोकतांत्रिक देश के रूप में देखना चाहते थे। उन्होंने गंभीर संघर्ष किया यहां तक की पूरे देश से विभिन्न नेताओं को इस आपातकाल में छह छह महीने तक जेलों में रखकर प्रताड़ना दी गई। जो कि अंग्रेज काल से भी ज्यादा खतरनाक थी। जब किसी देश के व्यक्ति इस देश के निवासियों को यह दंड दे रहे थे। इस मौके पर लोकतंत्र सेनानी यशपाल केसरी ने आपातकाल के दिनों को याद करके उस समय हुई आपबीती सुनाई। कैसे कांग्रेसी नेता के रूप में इंदिरा गांधी ने देश में लोकतंत्र को कुचलने का कुचक्र किया था। आयोजित गोष्ठी में सभी लोकतंत्र सेनानियों तथा वरिष्ठ नेताओं द्वारा विचार विमर्श किया गया और यह शपथ लिया गया। देश के लोकतंत्र को छोड़ने के लिए सभी देशवासी सतत प्रयास वा संघर्ष करते रहेंगे। इस मौके पर प्रमुख रूप से राकेश पांडे, चक्रेश मिश्रा, अरविंद द्विवेदी, वीरेंद्र फौजी, लव-कुश मौर्य, आध्या पांडे, जगदीश सरोज, नीतू कनौजिया सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### गौ मांस के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के करनपुर कोल्ड स्टोरेज के पास से पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है इनके कब्जे से पुलिस ने गौ मांस बरामद किया है लिखा पढ़ी करने के बाद पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया है।



जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली के उपनिरीक्षक चंदन सिंह पुलिस जवानों के साथ क्षेत्र भ्रमण पर थे मुखबिरों से पुलिस को जानकारी मिली कि करनपुर कोल्ड स्टोरेज के पास गुलाम वारिस पुत्र अब्दुल अजीज निवासी सायरा मीठापुर और कैसर अली पुत्र बिलाल अहमद करनपुर गौ मांस के साथ खड़े हैं मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक चंदन सिंह ने कोल्ड स्टोरेज के पास पहुंच कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया जामा तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 10 किलो गोमांस बरामद हुआ है पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और सैनी कोतवाली लेकर आई है जहां मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया है।

### जमीनी बंटवारे को लेकर शराबी भाई ने भाई पर किया लाठी-डंडों से हमला

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के छोटी मौली गांव निवासी अमर सिंह यादव पुत्र श्री राम बहादुर अपने ही भाई से परेशान हैं उनका भाई उनकी जमीन में जबरिया काबिज है जमीन का हिस्सा मांगने पर उनका भाई गाली गलौज मारपीट कर परेशान कर रहा है मामले की शिकायत पीड़ित अमर सिंह ने थाना पुलिस से की है। जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के छोटी मौली गांव निवासी राम बहादुर यादव के 3 पुत्र अमर सिंह कंचन सिंह सूर्यभान के बीच जमीनी बंटवारे का विवाद चल रहा है अमर सिंह ने अपने दोनों अन्य भाइयों से जमीन का हिस्सा मांगा जिस पर सूर्यभान और कंचन सिंह ने मिलकर गाली गलौज करते हुए अमर सिंह यादव को लाठी-डंडे से बेरहमी से पीट दिया है जिससे अमर सिंह को चोटें आई हैं मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है



### जिला योजना समिति के सदस्य निर्वाचित हुए अंशुल केसरवानी

**कौशाम्बी।** जिला योजना समिति के सदस्य का चुनाव रविवार को संपन्न हुआ,नगर पालिका मंझनपुर के नवनिर्वाचित सदस्य अंशुल केसरवानी जिला योजना समिति के लिए निर्वाचित हुए है,अंशुल केसरवानी को कुल 97 मत मिले है वही नगर पालिका परिषद भरवारी के शानू कुशवाहा दूसरे स्थान पर रहे उन्हे 42 मत ही मिल सके है ,वही दो अन्य दावेदारों को 07 और 01 मत ही मिल सके है।अंशुल केसरवानी ने कड़े मुकाबले में जीत दर्ज की है। जैसे ही उनके समर्थकों को अंशुल केशरवानी के जिला योजना समिति में निर्वाचन की जानकारी मिली उन्होंने जोरदार तरीके से स्वागत किया है।



# आधी रात घर मे कूदे चोर को लोगो ने पकड़ा, की धुनाई

अखंड भारत संदेश

**सैनी पुलिस का गजब कारनामा चोर की तरफ से ग्रामीणों के खिलाफ दर्ज किया रिपोर्ट**




**कौशांबी।** जनपद के सैनी थाना क्षेत्र के मलाक निन्दूरा में आधी रात लगभग डेढ़ बजे चोरी के उद्देश्य से घर मे घुसे चोर की ग्रामीणों ने जमकर धुनाई कर दी। हालांकि ग्रामीणों ने इस बात की जानकारी डायल 112 को दी जिसके बाद पहुची सैनी पुलिस ने आरोपी को सबके सामने पकड़ तो लिया बाद में आरोपी से मिलकर रातो-रात ग्रामीणों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया। हल्का दरोगा की कार्रवाई के बाद पुलिस की हर जगह किरकिरी मची हुई है। वैसे भी ये वही पुलिस है जो कुछ दिन पहले सिराथू के युवक की बाइक चोरी होने के बाद रिपोर्ट तक दर्ज नही करती बाद में इसी हल्के के सिपाही ने कड़ा धाम थाने के एक सिपाही को उधार में बाइक चढ़ने को दिया था। कुछ दिनों बाद बाइक स्वामी ने अपनी बाइक पर सिपाही को सवारी करते देखा। पूछताछ पर उसने बताया कि सैनी थाने के इसी हल्के के सिपाही ने उसे बाइक चढ़ने को दिया था। मामला तूल पकड़ता देख सिपाही ने काफी मिन्नते की तब जाकर मामला शांत हुआ। हालांकि उसके बाद से सैनी पुलिस की आए दिन किरकिरी होती रही है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि ऐसे ऐसे पुलिस कर्मी जब आए दिन पुलिस की किरकिरी कराने से बाज नही आते है तो उन पर कार्रवाई के बाजाय उन पर रहम क्यों..? वहीं लोगों का कहना है कि कारनामों से कमाए धन का सब मे बंदरबांट होने के चलते कमाऊ पूत पर कार्रवाई से पुलिस कतराती रहती है।

# बाइक से टक्कर लगने के बाद दो गुटों में चली लाठी आधा दर्जन लोग घायल

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मलाक भारत गांव में सरकारी पानी टंकी में काम करने वाले मजदूर की बाइक से एक बच्चे को टक्कर लगने से चोट लग जाने के बाद ग्रामीणों ने बाइक चालक मजदूर को पीट दिया यह बात मजदूर के पक्ष के लोगों को ठीक नहीं लगी और लाठी-डंडे से लैस होकर हादसा करने वाले मजदूर के समर्थक मौके पर पहुंच गए और दोनों पक्षों के लोगों ने एक दूसरे पर हमला बोल दिया जिससे आधा दर्जन लोग लहूलुहान हो गए हैं हमले की जानकारी मिलते ही मौके पर तमाम लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को मिली तो मौके पर पुलिस भी पहुंच गई मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है घटना शनिवार की रात्रि लगभग 9:00 बजे की है जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के मलाक भारत गांव में सरकारी पानी टंकी में निर्माण काम चल रहा है पानी टँकी में काम करने वाला मजदूर शनिवार की रात्रि लगभग 9:00 बजे मोटर साइकिल से जा रहा था तभी अचानक छोटे से बच्चे के रास्ते में आ जाने से बाइक से बच्चे को धक्का लग गया जिससे बच्चा सड़क पर गिर गया हादसे में बच्चे को चोटें भी आई हैं इसी बात को लेकर ग्रामीणों ने मजदूर को पीटना शुरू कर दिया मजदूर की पिटाई की


**मामूली बात पर अराजकता के बीस घंटे बाद भी पुलिस नहीं कर सकी किसी पर कार्रवाई**

जानकारी मिलते ही उसके भी समर्थन लाठी-डंडे से लैस होकर मौके पर पहुंच गए और दोनों पक्ष के लोगों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडे से हमला बोल दिया इस खूनी संघर्ष में आधा दर्जन लोग घायल हो गए हैं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है खबर लिखे जाने तक दोनों पक्ष के ऊपर कार्यवाही नहीं हो सकी है।

# भूमि संरक्षण, राजस्व की टीम ने पुलिस के सहयोग से बुल्डोजर से ढहाया अतिक्रमण

अखंड भारत संदेश

**अवैध अतिक्रमण पर फिर की गई खानापूर्ति, मुंह देखकर हुई कार्रवाई**



**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के सीओ कार्यालय के सामने से लेकर सैनी रोड, सिराथू रोड, कड़ा धाम मार्ग में तमाम लोगों ने अतिक्रमण कर स्थाई दुकानें, मकान सहित अस्थाई दुकानें काफी अरसे से सजा ली है जिसे खाली कराने को लेकर समय पर जिम्मेदारों द्वारा अभियान चलाया गया किंतु यह अभियान केवल मुंह देखी तक सीमित रहा कई दशक बीत जाने के बाद भी अभी तक जिम्मेदार अवैध अतिक्रमण को हटा नहीं सके हैं। आज रविवार को भूमि संरक्षण विभाग और राजस्व की टीम ने पुलिस के सहयोग से अवैध अतिक्रमण को हटाया है तमाम दुकानदारों की टीन तम्मर गिरा दिया गया पक्की दुकानें बनी हैं जिसे मोहलत दी गई है वहीं इन्ही कुछ दुकानदारों के आरोप पर जाएं तो इन लोगों का कहना है कई माह पहले नोटिस दिया गया था आज अचानक जेसीबी लेकर उनके दुकानों के सामानों को तहस नहस कर दिया गया कुछ दुकानदारों ने यह भी आरोप लगाया है कि माहवारी बढ़ाने के लिए ऐसा किया जा रहा है कई दुकानदारों ने जिम्मेदारों की अवैध मांग सुरासुंदरी शराब न मुहैया करवा पाने की खिसियाहट में कार्रवाई का आरोप लगाया है। आशियाना गिराए जाने से जिम्मेदारों पर तरह तरह के आरोप लगाए जा रहे हैं। इन आरोपों की सच्चाई क्या है यह भी जांच का विषय है।

## जमीनी बंटवारे को लेकर शराबी बेटे से परेशान है माता-पिता

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के पहाड़पुर मजरा चरवा गांव निवासी रामसुमेर अपने ही शराबी बेटे महेंद्र से परेशान है आए दिन उनका बेटा महेंद्र जमीनी बंटवारे को लेकर माता पिता के साथ गाली गलौज कर रहा है 24 जून की रात्रि 9:00 बजे महेंद्र शराब पीकर घर पहुंचा और जमीन का हिस्सा बटवारा मांगने लगा पिता ने उसे हिस्सा बटवारा देने से इनकार किया जिस पर वह पिता को गाली गलौज करने लगा बीच-बचाव करने पहुँची मां को भी उसने गाली गलौज कर मारपीट किया है मामले की सूचना दंपत्ति ने थाना पुलिस को दी है।

# महिला उत्थान एवं जागृति संस्थान ने मिशन शक्ति के तहत निकाली रैली

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति महिला चौपाल के अंतर्गत 15 दिवसीय कार्यक्रम के आयोजन में जागरूकता रैली का आयोजन चायल तहसील क्षेत्र में रविवार को किया गया महिला उत्थान एवं जागृति संस्थान की तरफ से अध्यक्ष अंजना मिश्रा तथा थाना इंचार्ज पिपरी के नेतृत्व में लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज चायल में जनपद स्तरीय मिशन शक्ति का प्रोग्राम रखा गया। मिशन शक्ति की ओर से आयोजित रैली का उद्देश्य महिला जागरूकता कन्या भ्रूण हत्या बन्द करने दहेज प्रथा बन्द करने नाबालिग बच्चियों के शोषण पर रोक भिक्षावृत्ति तथा नशा मुक्ति पर विशेष जोर दिया गया कार्यक्रम में अध्यक्ष अंजना मिश्रा ने कहा कि ज्यादातर मामले चाहे घरेलू हिंसा के हो या बलात्कार संबंधित कहीं ना कहीं नशे की वजह से होता है घरेलू हिंसा या महिला शोषण रोकना है तो पहले नशा का विरोध करें नशे को बंद करें। कार्यक्रम में स्वास्थ्य संबंधित जानकारी देने हेतु नारायण स्वरूप हॉस्पिटल की टीम तथा नेवादा गिरिया नए मियां का पुरवा घूरी आसपास के गांव की तमाम महिलाएं तथा थाना चरवा से सभी महिला आरक्षी थाना इंचार्ज चौकी इंचार्ज सहित नगर अध्यक्ष प्रीति सरोज अर्चना सिंह केस पति आदि महिलाएं उपस्थित रही कार्यक्रम की व्यवस्था चेयरमैन प्रतिनिधि मोहम्मद तलहा ने किया कार्यक्रम की शुरूआत लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज चायल से हुई

**मिशन शक्ति जिंदाबाद नारी शक्ति जिंदाबाद के नारे लगाते हुए मिशन शक्ति की महिलाओं ने कहा नशा पत्ती बंद करो**



कार्यक्रम में स्वास्थ्य संबंधित जानकारी भी महिलाओं को दी गई तत्पश्चात लाल बहादुर इंटर कॉलेज से ग्रामीण महिलाएं व पुलिस आरक्षी बहनों के साथ नारी शक्ति ने कहा कि दारू शारू बंद करो मिशन शक्ति जिंदाबाद नारी शक्ति जिंदाबाद के नारे लगाते हुए मिशन शक्ति की महिलाओं ने कहा कि नशा पत्ती बंद करो नशा पत्ती बंद करने के जोरदार नारे लगाते हुए सैकड़ों महिलाओं के साथ चायल तहसील तक रैली निकाली गई और वापस विद्यालय पर आकर समापन किया गया।

# अवैध तरीके से आधा दर्जन से अधिक संचालित हो रही हैं क्लीनिक व अस्पताल

अखंड भारत संदेश

**इलाज के दौरान मरीजों से होती है अवैध वसूली लापरवाही पर होती है मरीजों की मौत जांच के नाम पर स्वास्थ्य विभाग ने खड़े कर दिए हाथ**

**कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के चरवा और उसके आसपास अवैध तरीके से आधा दर्जन से अधिक क्लीनिक व अस्पताले चल रही हैं अस्पताल के बाहर लगे बोर्ड में बड़े बड़े डॉक्टरों के नाम लिखा होता है लेकिन जब अंदर जाकर देखा जाए तो हाई स्कूल पास बच्चों को रखकर अवैध तरीके से क्लीनिक अस्पताले स्वास्थ्य माफिया चला रहे हैं इन अस्पतालों में इलाज के नाम पर मरीजों से अवैध धन उगाही होती है और चिकित्सकों की लापरवाही के चलते आए दिन मरीजों की मौत होती है इलाज में आए दिन मरीजों को मौत देने वाले अपने आप को बहुत बड़े डॉक्टर भी बताते हैं लेकिन यहां तक की अस्पताल के अंदर कुछ और ही नजर आता है फर्जी तरीके से बड़े-बड़े डॉक्टर बने लोग यहां तक भी नहीं जान पाते हैं कि कौन सी दवा देनी है यह दवा में लिखे हुए नाम को पढ़ तक भी नहीं पाते हैं लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के रहमों करम पर स्वास्थ्य माफियाओं का अवैध क्लीनिक अस्पताल बेखौफ तरीके से चल रहा है बताया जाता है कि अवैध अस्पतालों के संचालन में स्वास्थ्य विभाग बड़ी रकम वसूल रहा है। ना डिग्री ना अनुभव लेकिन फिर भी बड़े से बड़े ऑपरेशन करने का यह कथित चिकित्सक दावा करते हैं जब मरीज गंभीर हो जाता हैं तो उसे अपने यहां से किसी दूसरे अस्पताल व क्लीनिक भेज दिया करते हैं यहां तक ही सीमित नही रहते हैं जहां मरीज को किस अस्पताल वा क्लीनिक में भर्ती करते हैं वहां से भी बड़ा कमीशन लेते हैं गरीब भोली भाली जनता को अपने आप को बहुत बड़े डॉक्टर बता कर भर्ती करने के बाद गरीब लोगों के जब तक रकम रहती है तब तक अपने क्लीनिक अस्पताल में रखते हैं जब मरीज बहुत ज्यादा सीरियस हो जाता है तो उसे अपने यहां से किसी और अस्पताल व क्लीनिक भेजा दिया करते हैं अगर यहां जुगड़ नही हुआ तो कौशांबी छोड़ कर मरीज प्रयागराज भेजे जाते हैं आपको बताते चलें कि काजू चरवा बबुरा मोड तक में कुकुरमुत्ता की तरह अवैध तरीके से आधा दर्जन से अधिक क्लीनिक वा अस्पताल संचालित हो रही है और इन पर कभी भी किसी अधिकारी की नजर नहीं पड़ा रही है सीएमओ के लाचार व्यवस्था के चलते अवैध तरीके से क्लीनिक अस्पताले संचालित हो रही है सूत्रों की माने तो एक नाम से दो दो अस्पताले संचालित हैं एनजीटी के नियमों का पालन भी अवैध अस्पताल संचालक नहीं कर रहे हैं आखिर मरीजों को बेवजह मौत देने वाले अवैध अस्पताल संचालकों पर कब तक स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मेहरबान रहेंगे आए दिन स्वास्थ्य समिति की बैठक होती है लेकिन अवैध अस्पताल संचालकों का बाल बांका नहीं हो रहा है।

## दलालों के हवाले पुलिस चौकी!

# पुलिस चौकी छोड़कर इंचार्ज रहते हैं गायब...

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली की पुलिस चौकी दीवार कोतारी में फरियादियों को न्याय मिलता नहीं दिख रहा है चौकी इंचार्ज पूरे दिन पुलिस चौकी से गायब रहकर क्या करते हैं यह जन जन की जुबान में है इस पुलिस चौकी में दलाल हॉबी है सुबह होते ही कई दलाल पुलिस चौकी पहुंच जाते हैं और प्रत्येक मामले में दखल देते हैं सिपाही भी कुछ रकम मिलने की लालच में दलाल की जी हुजूरी करने से बाज नहीं आते हैं जिससे पीड़ितों का उत्पीड़न होता है निदोषों के विरुद्ध शिकायती पत्र देकर के समझौते के नाम पर वसूली होती है पूरे दिन पुलिस चौकी दीवर कोतारी में पंचायत होती है प्रत्येक मामले में लेनदेन की बात होती है सुलह समझौते के नाम पर आरोपी पक्ष से बेखौफ तरीके से वसूली होती है वही शिकायतकर्ता से भी यह कह कर हिस्सा लिया जाता है कि तुम्हें हमने रकम दिला दिया है मुकदमा लिखने की झंझट से बच गए हो आए दिन झूठी शिकायती प्रार्थना पत्र दलालों द्वारा पुलिस अधिकारियों के पास भेज करके जाच और कार्यवाही से बचाने के नाम पर निदोषों का

**बेखौफ तरीके से जड़े जमा चुके संगठित अपराध से हो रही है अवैध वसूली**




**माफिया अतीक अहमद गैंग की तर्ज पर गुंडा टैक्स वसूली करने वाले रैकेट के सदस्यों को चौकी पुलिस देती है बढ़ावा**

उत्पीड़न किया जाता है लेकिन चौकी इंचार्ज के मौजूदगी ना रहने से सिपाही और दलाल के गठजोड़ से कानून की धज्जियां उड़ रही हैं बहुजन पार्टी सरकार के कार्यकाल में एक पूर्व कबीना मंत्री के नजदीक रहने वाला इलाके का एक बदनाम पूर्व ग्राम प्रधान पूरी तरह से पुलिस चौकी पर हॉबी हो चुका है ऊंची आवाज में लोगों पर रौब गांठने का इस पूर्व ग्राम प्रधान का कारनामा इलाके में चर्चा का विषय है और इस पूर्व ग्राम प्रधान का चौकी में सिक्का चलता है वह जो चाहता है यह पूर्व ग्राम प्रधान करा लेता है आखिर दीवार कोतारी पुलिस चौकी को दलाल के कब्जे से कब मुक्त किया जाएगा जिससे आम जनता फरियादियों को न्याय मिल सके। पुलिस चौकी क्षेत्र में गांजा बेचने वाला भी चौकी के प्रत्येक मामले में दखल करने पुलिस चौकी पहुंच जाता है पुलिस चौकी में गुंडों की तरह निदोषों को यह हड़काता है बेकसूरो पर यह माफिया धौस जमाता है पुलिस चौकी के भीतर तमाम मामलों में पीड़ितों से लड़ाई झगड़ा पर यह आमादा हो जाता है और बड़ी तेजी से प्रत्येक मामले में उत्तेजित होता है आखिर प्रत्येक मामले में इस माफिया का दखल देने का क्या औचित्य है जब चौकी इंचार्ज की तैनाती है तो इस माफिया को प्रत्येक मामले में दखल के लिए क्यों पुलिस ने पाल रखा है इस पर अफसरों को मंथन कर कार्यवाही करने की जरूरत है। इस पुलिस चौकी की स्थिति इतनी खराब है कि किसी ने अपनी जमीन की बिक्री कर दिया तो उससे जमीन में मिले रकम से हिस्सा वसूली शुरू होती है अतीक गैंग की तर्ज पर गुंडा टैक्स की वसूली करने वालों को पूर्व ग्राम प्रधान और पुलिस चौकी के सिपाही बल देते हैं इसी तरह के एक मामले को लेकर के मंगलवार की दोपहर कई घंटे तक जमीन बेचने वाले को पुलिस चौकी में चौकी के सिपाही माफिया और दलाल धमकाते रहे और जमीन बिक्री की रकम से एक तिहाई हिस्सा लेने की बात करते रहे फिर 10 हजार रुपए में मामला तय हुआ लेकिन इस मामले में अब चौकी इंचार्ज और सिपाहियों के बीच तलवारें खिंच गई हैं आखिर बाहुबली माफिया अतीक गैंग की तर्ज पर कब तक गुंडा टैक्स की वसूली करने वाले लोगों का साथ चौकी पुलिस देती रहेगी यह बड़ी जांच का विषय है लेकिन अभी तक मंझनपुर कोतवाल ने चौकी इंचार्ज के कारनामे और सिपाहियों के साथ चौकी में बैठने वाले दलालों के कारनामे को संज्ञान नहीं लिया है जिससे निदोषों का उत्पीड़न इस पुलिस चौकी में लगातार हो रहा है। बताया जाता है कि इलाके में हरे पेड़ की कटान बालू वाहनों से वसूली गांजा शराब भट्ठी के धंधों से वसूली में पुलिस मस्त दिखाई पड़ रही है चचाओं पर जाएं तो पुलिस चौकी छोड़कर गायब रहने वाले चौकी इंचार्ज पूरे दिन ओवरलोड बालू वाहनों से वसूली में मशगूल हैं लोगों ने पुलिस अफसरों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए चौकी पुलिस पर कार्यवाही की मांग करते हुए दलालों के दखल को समाप्त करने की मांग की है।

संपादकीय

# राष्ट्रवाद के पुजारी, राष्ट्रगीत के रचयिता

**बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय की जयंती 27 जून पर विशेषद्ध**

बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय प्रख्यात साहित्यकार के साथ ही राष्ट्रीय नवजागरण के पुरोधा भी थे। उन्होंने भारतीय जनमानस को अपनी अस्मिता व स्वतंत्रता की रक्षा के लिए प्राणों का उत्सर्ग करने तथा राष्ट्रीय नवजागरण का संदेश दिया। यह संदेश उन्होंने उस समय दिया जब भारतवर्ष की जनता अपनी अस्मिता एवं गौरव को भूलकर स्वयं को परवशता की बेड़ियों में जकड़ा हुआ असहाय.सी अनुभव कर रही थी।

बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय का जन्म 27 जून 1838 को पश्चिम बंगाल के 24 परगना जिले के कांठलपाड़ा गांव में एक समृद्ध बंगाली परिवार में हुआ था। उन्होंने मेदिनीपुर में प्रारंभिक शिक्षा पूरी की और फिर हुगली मोहसिन कॉलेज में पढ़ाई के बाद कलकत्ता के प्रेसीडेंसी कॉलेज में दाखिला लिया। राष्ट्रीयता और स्वभाषा प्रेम का भाव उनमें कूट.कूट कर भरा हुआ था। युवावस्था में उन्होंने अपने एक मित्र का अंग्रेजी में लिखा हुआ पत्र बिना पढ़े ही इस टिप्पणी के साथ लौटा दिया था कि अंग्रेजी न तो तुम्हारी मातृभाषा है और न ही मेरी।

उस समय भारत का शासन अचानक ईस्ट इंडिया कंपनी से महारानी विक्टोरिया के हाथों में चला गया था। ब्रिटिश साम्राज्य का हिस्सा बनने के बाद भारतीयों का जीवन पहले से भी ज्यादा कठिन हो गया था। जनता अंग्रेजों के लगातार बढ़ते अत्याचारों से दुखी थी। देश पहले स्वतंत्रता संग्राम के लिए तैयार हो रहा था। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन को बंकिमचंद्र ने बहुत नजदीक से देखा था। जब 1857 का स्वतंत्रता संग्राम शुरू हुआए तब वे स्नातक की परीक्षा दे रहे थे। वे कोलकाता के प्रेसीडेंसी कॉलेज से बीए करने वाले पहले भारतीय थे। स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण करने के तुरंत बाद वे कोलकाता के डिप्टी मजिस्ट्रेट पद पर नियुक्त हो गए थे। सरकारी सेवा में रहते हुए भी बंकिमचंद्र कभी अंग्रेजों से दबे नहीं। इसलिए अंग्रेज अधिकारियों से कदम.कदम पर उनका संघर्ष होता रहता था। इसी वजह से वे कभी प्रमोशन प्राप्त नहीं कर सके।

सरकारी नौकरी में रहते हुए बंकिमचंद्र स्वतंत्रता आंदोलन में खुलकर हिस्सा नहीं ले सकते थे। इसका उनको हमेशा मलाल रहता था। आखिरकार उन्होंने साहित्य के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने का निर्णय किया। बंकिमचंद्र ने कुछ कविताओं की रचना के साथ साहित्य के क्षेत्र में प्रवेश किया। उस समय बांग्ला में गद्य या कहें तो उपन्यास और कहानियां कम लिखी जाती थीं। बंकिमचंद्र ने इस दिशा में पथ.प्रदर्शक का काम किया। वे बहुमुखी प्रतिभा वाले रचनाकार थे। 27 वर्ष की उम्र में उन्होंने श्दुर्गेश नंदिनीश नामक उपन्यास लिखा। इस ऐतिहासिक उपन्यास से ही साहित्य में उनकी धाक जम गई। उन्होंने अपने लेखन से राष्ट्रवाद का अलख जगाया और देश के नवजागरण के लिए उच्च कोटि के साहित्य की रचना की। उनके कथा साहित्य के अधिकतर पात्र शहरी मध्यम वर्ग के लोग हैं। ये आधुनिक जीवन की त्रासदियों और प्राचीन काल की परंपराओं से जुड़ी दिक्कतों से साथ.साथ जूझते हैं। यह समस्या भारत भर के किसी भी प्रांत के शहरी मध्यम वर्ग के समक्ष आती है। लिहाजा मध्यम वर्ग का पाठक बंकिमचंद्र के उपन्यासों में अपनी छवि देखता है। उनके उपन्यासों का अनुवाद भारत की लगभग सभी भाषाओं के साथ ही दुनिया की कई भाषाओं में हो चुका है और उन पर कई फिल्में भी बन चुकी हैं। उनकी रचनाएं आज भी चाव से पढ़ी जाती हैं।

बंकिमचंद्र ने धर्म के साथ ही सामाजिक और समसामायिक मुद्दों पर आधारित निबंध भी लिखे। उन्होंने श्रीकृष्ण के धर्मराज्य की स्थापना के बारे में अपना प्रसिद्ध निबंध ष्कृष्णचरित्रष लिखा। अपनी रचना ष्धर्मशास्त्रष में उन्होंने देशभक्ति को सभी धर्मों से ऊपर रखा। उन्होंने ष्लोक रहस्यष नामक पुस्तक में देश को अपने पैरों पर खड़ा करने की बात कही। निबंध ष्अमर दुर्गोत्सवष में उन्होंने विधवा विवाह और महिलाओं की स्वतंत्रता के बारे में बात की और अंधी अंग्रेजी नकल का जोरदार विरोध किया। उन्होंने अपनी मातृभूमि को अपनी मां के रूप में देखा। इसीलिए हिरेन्द्रनाथ दत्त ने उन्हें ष्भारतीय राष्ट्रवाद का असली जनकश कहा है। वहीं कई लोगों ने उनकी देश सेवा और राजनीतिक ज्ञान के लिए उन्हें ष्राजनीतिक साधुष कहा है।

वंदे मातरम् की रचना

जानकारी के अनुसारए अंग्रेजी हुक्मरानों ने इंग्लैंड की महारानी के सम्मान वाले गीत. ष्गॉड! सेव द क्वीनष को हर कार्यक्रम में गाना अनिवार्य कर दिया था। इससे बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय समेत अनेक देशवासी काफी आहत हुए थे। इसके जवाब में बंकिमचंद्र ने 1874 में ष्वंदे मातरम्ष शीर्षक गीत की रचना की। देशभक्ति का भाव जगाने वाले इस गीत के मुख्य भाव में भारत भूमि को माता कहकर संबोधित किया गया था। यह गीत बाद में 1882 में आए उनके सबसे प्रसिद्ध उपन्यास ष्आनंदमठष में भी शामिल किया गया। ऐतिहासिक और सामाजिक ताने.बाने से बुने गए इस उपन्यास ने राष्ट्रीयता की भावना जागृत करने में बहुत योगदान दिया। इस उपन्यास के माध्यम से बंकिमचंद्र के दिए ष्वंदे मातरम्ष मंत्र ने सम्पूर्ण स्वतंत्रता संग्राम को नई चेतना से भर दिया।

बंकिमचंद्र ने अपने लेखन के माध्यम से आत्म.बलिदान का आदर्श और देशभक्ति का जो मंत्र प्रचारित कियाए वह निस्संदेह एक महत्वपूर्ण घटना है। उन्होंने ने श्बंग दर्शनश नामक साहित्यिक पत्र का प्रकाशन भी किया। रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने श्बंग दर्शनश में लिखने की शुरूआत करके ही साहित्य के क्षेत्र में पदार्पण किया था। वे बंकिमचंद्र को अपना गुरु मानते थे। महर्षि अरविन्द ने बंकिमचंद्र को ष्राष्ट्रवाद का पुजारीष कहा। वे बंकिमचंद्र के स्वतंत्रता के आदर्शों से काफी प्रेरित थे। अपने निबंध श्बंकिम तिलक दयानंदश में महर्षि अरविन्द लिखते हैंए

# पीएम मोदी की मिस्र यात्रा नया इतिहास रचेगी

**अशोक भाटिया**

मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल.सीसी के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मिस्र की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर हैंण यह यात्रा बहुत महत्वपूर्ण हैए बता दें कि ये यात्रा 1997 के बाद से किसी भी भारतीय प्रधान मंत्री की पहली आधिकारिक मिस्र की द्विपक्षीय यात्रा हैण मिस्र के साथ भारत के संबंध हमेशा से ही सौहार्दपूर्ण रहे हैं। 15 अगस्तए 1947 को भारत को आजादी मिलने के अगले तीन दिनों में दोनों देशों ने औपचारिक राजनयिक संबंध स्थापित कर लिए थे। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू और मिस्र के राष्ट्रपति गमाल अब्देल नासिर के बीच गहरे दोस्ताना संबंध थे। दोनों नेताओं ने यूगोस्लाविया के राष्ट्रपति जोसिप ब्रोज टीटो के साथ मिलकर गुटनिरपेक्ष आंदोलन की नींव रखी। रणनीतिक स्तर पर भी दोनों देशों के बीच गहरे संबंध थे। नासिर के कार्यकाल में 1956 के अभूतपूर्व स्वेज संकट के दौरान भारत का मिस्र के प्रति सहयोगात्म रुख रहा। कुल मिलाकर कहे तो 50 और 60 का दशक भारत.मिस्र संबंधों का स्वर्ण काल था।

लेकिन 1970 के दशक के उत्तरार्द्ध से जब काहिरा ने सोवियत संघ के नेतृत्व वाले गुट से दूरी बनाते हुए अमेरिका के करीब जाना शुरू किया तो भारत.मिस्र संबंधों में भी शून्यता का भाव भरने लगा। घरेलू मुद्दे और जूदा भू.राजनीतिक विचारों की वजह से शून्यता का यह भाव अगले कुछ दशकों तक बरकरार रहा। कमोबेश यही स्थिति होस्नी मुबारक के शासनकाल में रही। कहा जाता है कि होस्नी जब तक सत्ता में रहेए तब तक काहिरा.नई दिल्ली संबंध ठंडे बस्ते में ही रहे हालांकिए शीतयुद्ध के दौरान आए इस ठंडेपन ने रिश्तों की खाई को अधिक गहरा नहीं होने दिया और अलग.अलग दौर के भू.राजनीतिक परिदृश्यों के बीच भारत.मिस्र संबंध कमोबेश आगे बढ़ते रहे।



कोविड.19 और उसके बाद आए डेल्टा लहर के भयानक दौर ने द्विपक्षीय संबंधों को ठंडे बस्ते से बाहर निकालने में उत्प्रेरक के तौर पर काम किया। डेल्टा लहर के उस भयावह वक्त में मिस्र उन चंद देशों में से एक था जिसने भारत को मेडिकल ऑक्सीजन की सप्लाई मुहैया करवाई।

हाल ही में 74वें गणतंत्र दिवस के मौके पर मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल.सीसी को मुख्य अतिथि के रूप में भारत आमंत्रित किया गया था। यह पहली बार था जब मिस्र के किसी राष्ट्रपति को यह सम्मान दिया गया।अब्देल फतेह अल.सीसी की भारत यात्रा ने दोनों देशों के बीच दोस्ती की नींव को और मजबूत किया है। यात्रा की शुरूआत में पीएम उच्च स्तरीय मंत्रियों की एक विशेष सभा से रणनीतिक बातचीत करेंगे। इस रणनीतिक बातचीत के बाद मिस्र में रहने वाले भारतीय समुदाय के साथ एक बैठक होगी।

इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी राजधानी काहिरा में स्थित 1000 साल पुराने मशहूर अल हकीम मस्जिद में भी गए । जहां प्रधानमंत्री दाऊदी बोहरा समुदाय से मुलाकात की यएक रिपोर्ट के मुताबिकए अल हकीम मस्जिद दाऊदी बोहरा समुदाय के लिए एक बेहद ही अहम सांस्कृतिक स्थल है। देश की चौथी सबसे पुरानी ऐतिहासिक मस्जिद को हाल ही में मिस्र सरकार ने बोहरा समुदाय के सहयोग से पुनर्निर्मित किया था।गौरतलब है कि मोदी के भारतीय दाऊदी बोहरा समुदाय के साथ सालों से गर्मजोशी भरे संबंध रहे हैं। राष्ट्रपति कार्यालय में आधिकारिक कार्यक्रम प्रधानमंत्री मोदी की मिस्र यात्रा का अहम हिस्सा है। यहां पर प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति अल.सीसी के साथ द्विपक्षीय वार्ता में शामिल हो रहे है ।इस वार्ता के दौरान दोनों देशों के बीच कई समझौता ज्ञापनों ;एमओयूद्ध पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद हैए जो अलग.अलग डोमेन में सहयोग की नींव को मजबूत करेगा।

भारतीय समुदाय के साथ भी एक बैठक करेंगे। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मिस्र की राजधानी काहिरा में स्थित 1000 साल पुरानी मशहूर अल हकीम मस्जिद भी जाएंगे। यहां पर प्रधानमंत्री मोदी दाऊदी बोहरा समुदाय से मुलाकात करेंगे। एएनआई की रिपोर्ट की मानें तो अल हकीम मस्जिद दाऊदी बोहरा समुदाय के लिए अहम सांस्कृतिक स्थल है। देश की चौथी सबसे पुरानी ऐतिहासिक मस्जिद को बोहरा समुदाय के सहयोग से हाल ही में मिस्र सरकार ने पुनर्निर्मित किया था।

यात्रा के दौरान यहां प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति अल.सीसी के साथ द्विपक्षीय वार्ता में शामिल होंगे। दोनों देशों के बीच कई समझौता ज्ञापनों ;एमओयूद्ध पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा से उम्मीद प्रधानमंत्री मोदी काहिरा में द्विपक्षीय वार्ता करेगें। मिस्र सरकार के वरिष्ठ नेताओं और मिस्र की प्रमुख हस्तियों के साथ के बातचीत के अलावा प्रवासी भारतीयों से भी मुलाकात करेंगे। दरअसलए प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा को अहम इसलिए भी माना जा रहा है क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा की घोषणा ऐसे समय में की गई थी जब मिस्र द्वारा ब्रिक्स ;ब्राजीलए रूसए भारतए चीनए दक्षिण अफ्रीकाद्ध की सदस्यता के लिए कुछ दिनों पहले ही औपचारिक रूप से आवेदन किया गया था। मिस्र बिक्स देशों के साथ अपने व्यापार मे अमेरिकी डॉलर को छोड़ने का योजना में तेजी से दिलचस्पी दिखा रहा है। साफ है कि मिस्र उभरती अर्थव्यवस्थाओं के साथ अपने मजबूत संबंध स्थापित करना चाहता हैए ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। उम्मीद की जा रही है कि यात्रा के दौरानए रक्षा सहयोगए शिक्षा और ब्रिक्स में शामिल होने के लिए मिस्र के आवेदन पर बातचीत होगी।

फाइनेंशियल एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट अनुसार मिस्र के तेजी से आर्थिक विकास करने की उम्मीद है। मिस्र का स्वेज नहर में भारी मात्रा में प्राकृतिक संसाधन और रणनीतिक नियंत्रण है। भारत के लिए मिस्र की अहमियत मिस्र भारत का पुराना मित्र हैए वहीं इसे व्यापार की अहमियत से देखें तो मिस्रए पश्चिम एशिया में सबसे बड़ी आबादी वाला देश है। भारत के लिए यह एक बड़ा बाजार है। मिस्र को अफ्रीका और यूरोप दोनों के लिए प्रवेश द्वार माना जाता है। मिस्र को भारत मुस्लिम.बहुल देशों के बीच एक उदार इस्लामी देश और इस्लामिक सहयोग संगठन में एक अहम भागीदार देश के रुप में देखता है। 2023 में ही मिस्र के राष्ट्रपति अल.सीसी गणतंत्र दिवस के मौके पर जब भारत आए थेए तब तय हुआ था कि आने वाले पांच सालों में दोनों देश मौजूदा 7 अरब डॉलर के व्यापार को बढ़ा कर 12 अरब डॉलर तक पहुंचाएंगे। इसी साल जनवरी में पहली बार दोनों देशों की सेनाओं ने साझा सैन्य अभ्यास भी किया था। मिस्र ने भारत से तेजस लड़ाकू विमानए रडारए सैन्य हेलिकॉप्टर और आकाश मिसाइल सिस्टम खरीदने में दिलचस्पी दिखाई थी।

दशकों से भारत की पहचान ऐसे देश के रूप में रही है जो दूसरे देशों से हथियार खरीदता रहा है। लेकिन अब जब भारत रक्षा क्षेत्र से जुड़े उपकरण और हथियार खुद बनाने के साथ ही 42 देशों को बेच रहा है। ऐसे में भारत इन खरीददार देशों में मिस्र को भी देखना चाहता है।

इस समय मिस्र और भारत दोनों को ?एक.दूसरे की जरूरत है। वक्त बदलने के साथ.साथ अब इस बात की जरूरत भी है कि इन रिश्तों को ओर भी बेहतर बनाया जाए। पिछले वर्ष इस्लामिक देशों के सम्मेलन में पाकिस्तान जब भारत के खिलाफ कश्मीर मुद्दे को लेकर प्रस्ताव लेकर आया था तो मिस्र ने कड़ी आपत्ति जताई थी। राष्ट्रपति अल सीसी ने इस प्रस्ताव का समर्थन करने से इंकार कर दिया था। जिसके चलते प्रस्ताव पारित नहीं हो सका था और पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी थी। 2022 में भाजपा की प्रवक्ता रही नुपूर शर्मा की टिप्पणी के बाद भारत को इस्लामी देशों की नाराजगी झेलनी पड़ी थी। कई अरब देशों ने भी इस मामले पर असंतोष ?जाहिर किया था लेकिन मिस्र ने इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की थी। मिस्र की इस समय आर्थिक हालत कुछ ज्यादा ठीक नहीं है। उसे भारत से सहायता की जरूरत है।


# भारत में होगा सेमीकन्डक्टर का निर्माण, चीन मुश्किल में

**राज सक्सेना**

वर्तमान समय टेक्नोलॉजी काए विशेषरूप से कम्प्युटरएआईटी टेक्नोलॉजी का समय है। जिसके लिए सेमीकन्डक्टर की मूलभूत आवश्यकता होती है ।जबकि भारत में इसके विनिर्माण का अभाव ही नहीं अकाल हीहै। इसलिएभारत सेमीकंडक्टर डिजाइनए निर्माण और प्रौद्योगिकी विकास का वैश्विक केंद्र बनने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। जानकारियों के अनुसार इटली के भौतिकशास्त्री एलेसेंड्रो वोल्टा ने 1782 में पहली बार सेमीकंडक्टिंग शब्द का इस्तेमाल किया था। हालांकि अमेरिकी भौतिकशास्त्री माइकल फैराडे 1833 में सेमीकंडक्टर प्रभाव का निरीक्षण करने वाले पहले व्यक्ति थे।फैराडे ने पाया कि सिल्वर सल्फाइड के विद्युत प्रतिरोध में तापमान में कमी आती है। 1874 में कार्ल ब्रौन ने पहले सेमीकंडक्टर डायोड प्रभाव की खोज की। 1901 में पहले सेमीकंडक्टर डिवाइस ष्कैट व्हिस्कर्सष का पेटेंट कराया गया। हालांकि इसका आविष्कार भारतीय वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस ने किया था।

टीएसएमसी वर्तमान में सबसे बडी सेमीकंडक्टर चिप निमार्ता कम्पनी है। यह कंपनी दुनिया भर में लगभग 90ः उच्च प्रदर्शन क्षमतावाले चिप्स का उत्पादन करती है। साथ हीए यह राजस्व के मामले में वैश्विक सेमीकंडक्टर फाउंड्री बाजार के 50ः से अधिक भाग को भी नियंत्रित करती है ।दुनिया में इस्तेमाल होने वाले सभी चिप का आठ प्रतिशत ताइवान में बनता हैण इसके बाद चीन और जापान का नंबर आता हैण यह भारत के लिए रणनीतिक रूप से भी महत्वपूर्ण है कि भारत को सेमीकंडकटर आयात करने वाले चीन के पंजे से भारत को मुक्त किया जाय।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हुई साझेदारी को एकबड़ी उपलब्धि माना जा रहा हैण अप्लाइड



मैटेरियल्स और लम रिसर्च जैसी कंपनियों की घोषणाओं से आने वाले दिनों में प्रत्यक्ष तौर पर अस्सी हजार से एक लाख तक नई नौकरियां पैदा होंगी और प्रत्यक्ष तौर पर आपूर्ति श्रंखला में कितनी नौकरियां पैदा होंगीए उसका अंदाजा अभी लगाना मुश्किल हैण इस घोषणा से सेमीकंडक्टर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मौजूदा दौर के अन्य प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में उद्यमिता स्टार्ट अप और निवेश के लिए भी काफी अवसर उपलब्ध हो सकेंगे।

2021 में भारतीय सेमीकंडक्टर बाजार का मुद्रामूल्य 27ण2 बिलियन डॉलर था और 2026 में इसके64 बिलियन डॉलर तक पहुंचने के लिए लगभग 19 प्रतिशत की स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बढने की आशा है लेकिन इनमें से कोई भी चिप्स अभी तक भारत में निर्मित नहीं हैं। पिछले साल सेमीकंडक्टर की सप्लाई चेन में भारी कमी ने इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोटिव सहित कई उद्योगों को प्रभावित भीकिया था।

चिप बनाने वाली अमेरिकी कंपनी माइक्रोन टेक्नोलॉजी ने गुजरात में नया सेमीकंडक्टर चिप प्लांट लगाने कीघोषणा की है जिस पर 2ण75 बिलियन डॉलर का निवेश किया जाएगा ।माइक्रोन का भारत में ये पहला निवेश होगा ।इस प्लांट को लगाने के लिए माइक्रॉन टेक्नोलॉजी 825 मिलियन डॉलर का सीधा निवेश करेगी।

माइक्रोन टेक्नोलॉजी ने कहा है कि भारत सरकार और गुजरात सरकार के सहयोग की बदौलत इस चिप फैसिलिटी को लगाने के लिए कुल 22ए540 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा जिसमें 50 फीसदी भारत सरकारए 20 फीसदी गुजरात सरकार भी निवेश करेगी ।कंपनी ने बताया कि इस नए प्लांट के फैक्ट्री निर्माण की शुरूआत 2023 में ही शुरू हो जाएगी और 2024 के आखिर तक प्लांट से प्रोडक्शन चालू हो जाएगा ।इस चिप प्लांट के दूसरे फेज पर काम 2025 में शुरू कर दिया जाएगा ।माइक्रोन टेक्नोलॉजी ने यह भी कहा कि दोनों ही फेज के जरिए 5ए000 प्रत्यक्ष तौर पर रोजगार उपलब्ध हो सकेगा जबकि 15ए000 लोगों को अगले कई साल तक परोक्ष रोजगार भी मिलता रहेगा।

माइक्रोन टेक्नोलॉजी ने बतायाकि सरकार की एटीएमपी योजना के तहत इस प्लांट को मंजूरी दी गई है ।माइक्रोन ने कहाए नए प्लांट में डीआरएएम और एनएएनडी दोनों उत्पादों की असेंबली एवं परीक्षण विनिर्माण हो सकेगा और स्थानीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों से आने वाली मांग कीपूर्ति भी की जा सकेगी। अमेरिका में माइक्रोन टेक्नोलॉजी के सीईओ संजय मेहरोत्रा के साथ प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की बैठक के बाद इस डील की आधिकारिक घोषणाकरदी गयी है ।इस सेमीकंडक्टर प्लांट कोलगाने के प्रोजेक्ट को कैबिनेट से पहले ही मंजूरी मिल गई थी ।स्मरणीय है गुजरात में ही वेदांता के अनिल अग्रवाल पूर्व में ही ताइवान के साथ सेमीकंडक्टर प्लांट लगाने की घोषणा कर चुके हैं जिस पर तेजी से काम चल रहा है।

इस संदर्भ में टेलीकॉम इलेक्ट्रॉनिक व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्वनी वैष्णव ने एक प्रेस कान्फ्रेंस में बताया कि गुजरात में प्रस्तावित अमेरिकी कंपनी माइक्रोन के सेमीकंडक्टर प्लांट में अगले साल दिसंबर से चिपका निर्माण शुरू हो जाएगा। इससेदेश में सेमीकंडक्टर के निर्माण से अर्थव्यवस्था की तस्वीर हीबदल जाएगीए क्योंकि सेमीकंडक्टर उद्योग स्टील और मेडिकल की तरह आधारभूत उद्योग है जो कई सेक्टर की जरूरतों को पूरा करता है ।उन्होंने बताया कि माइक्रोन के साथ अमेरिकन कंपनी अप्लाइड मैटेरियल्स सेमीकंडक्टर के उपकरणों में लगने वाले पाट्र्स को विकसित करने के लिए बेंगलुरु में संस्थानस्थापित करने जा रही है। यहीकंपनी इस काम में अगले चारसाल में तीन हजार करोड़ डालर का निवेश करेगी ।इस सेंटर में सेमीकंडक्टर उद्योग से जुड़ी प्रतिभाओं को निखारने का काम भी किया जाएगा ।उन्होंने यह भी कहाकि इनके अलावा लम रिसर्च से इस साल अगस्त से सेमीकंडक्टर से जुड़े लोगों को अपने सेमिवर्ससॉल्यूशन से प्रशिक्षित करने की शुरूआत करने जा रही है ।अगले दससालों में लैब रिसर्च सेमीकंडक्टर उद्योग से जुड़े सात हजार लोगों को प्रशिक्षित करेगी ।स्मरणीय है कि दुनिया में गिने.चुने देशों में ही चिपका निर्माण होता है और भारत में यह निर्माण शुरू होने से ऑटोमोबाइलए स्मार्टफोनए लैपटॉप बनाने वाली कंपनियों को चिप के अभाव में अपना उत्पादन नहीं रोकना होगा ।भारत निर्मित सेमीकंडक्टर उपलब्ध होने से उसकी लागत में भी कमी होगी।

# बूम पर है भारतीय खिलौना इंडस्ट्री !

**सुनील कुमार महला**

वर्तमान में हमारा देश भारत लगातार विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनता चला जा रहा है और सफलता की ऊंचाइयों को छू रहा है। आत्मनिर्भर भारत का अर्थ है स्वयं पर निर्भर होनाए यानि खुद को किसी और देश पर किसी भी उत्पाद या चीज के लिए आश्रित न करना। आज भारत विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनकर लगातार प्रगति के नवीन सोपानों को छू रहा हैएयह हम सभी के लिए गौरव का विषय है। वास्तव मेंए आत्मनिर्भरता का सीधा सा मतलब यह है कि हमारे पास जो भी हुनर या काबिलियत है उसके माध्यम से एक छोटे स्तर पर खुद को आगे की ओर बढ़ाना या फिर बड़े स्तर पर अपने देश के लिए कुछ करना है। जानकारी देना चाहूंगा कि कोरोना काल में भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान की शुरूआत 12 मई वर्ष 2020 को की गई थी और यह अभियान कोरोना काल के दौरान भारत को इस भीषण संकट से लड़ने के लिए तैयार करने के लिए बनाया गया था। आज भारत अनाज उत्पादन;कृषि क्षेत्रद्धएरक्षा एस्वास्थ्य क्षेत्र समेत अनेक क्षेत्रों में आत्मनिर्भर हो चला है। यहां पाठकों को अवगत कराया जाना बहुत जरूरी है कि हमारे देश के प्रधानमंत्री ने कोरोना महामारी से पहले तथा बाद की दुनिया के बारे में बात करते हुए कहा था कि 21 वीं सदी के भारत के सपने को साकार करने के लिये देश को आत्मनिर्भर बनाना जरूरी है। प्रधानमंत्री ने उस समय इस बात पर बल दिया था कि भारत को कोरोना महामारी संकट को एक अवसर के रूप में देखना चाहिए। जानकारी देना चाहूंगा कि आत्मनिर्भर भारत मिशन को दो चरणों में लागू किया गया थाए जिसमें क्रमशः पहले चरण में चिकित्साए वस्त्रए इलेक्ट्रॉनिक्सए प्लास्टिकए खिलौने जैसे क्षेत्रों को प्रोत्साहित किया गया और दूसरे चरण के अंतर्गत रत्न एवं आभूषणए फार्माए स्टील जैसे क्षेत्रों को प्रोत्साहित किया गया था।

उल्लेखनीय है कि आत्मनिर्भर भारत के कुल पांच स्तंभ हैं जिनमें क्रमशः अर्थव्यवस्थाए अवसंरचना ;ऐसी अवसंरचना जो आधुनिक भारत की पहचान बनेद्धए प्रौद्योगिकीए गतिशील जनसांख्यिकी और मांग को शामिल किया गया है। आज भारत खिलौना निर्माण में चीन से आगे निकल रहा है और चीन को खिलौना क्षेत्र में पटखनी दे रहा है। पिछले कुछ समय में ही भारत की खिलौना इंडस्ट्री में आमूलचूल परिवर्तन आएं हैं और आज भारत की खिलौना मैनुफैक्चरिंग में अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है ।आज हम न केवल अपने देश के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए खिलौने बना रहे हैं। दरअसल सरकार ने खिलौना इंडस्ट्री को प्रोडक्शन.लिंक्ड इंसेंटिव ;पीएलआईद्ध योजना में शामिल किया है जो इस उद्योग की लंबे समय से चली आ रही मांग में शामिल है। अब तक हम ज्यादातर खिलौने चीन से एक्सपोर्ट करते थे। भारतीय बाजार में चीनी खिलौनों की भरमार थी और एक प्रकार से हम चीनी खिलौनों को खरीदने के लिए मजबूर थे। जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 2020 के अंत तक भारत में खिलौना बाजार तकरीबन 16 हजार करोड़ रुपये का थाए जिसमें से 25 फीसदी ही स्वदेशी हुआ करता था तथा बाकी 75 फीसदी में से 70 फीसदी सामान चीन से आता था और 5 फीसदी ही दूसरे देशों से एक्सपोर्ट होता था। वास्तव में अब तक सभी भारतीय बाजार चीनी खिलौनों से ही सटे पड़े रहते थे और अधिकतर खिलौना मार्केट पर हमारे पड़ोसी चीन का ही एकाधिकार था। वास्तव में चीन ने भारत में सस्ती दरों पर खिलौनों को बेचकर अपना एकाधिकार जमाया और यही कारण था कि भारतीय बाजार में चीनी खिलौनों की भरमार थी और हम चीनी खिलौनों को खरीदने के लिए एक प्रकार से मजबूर थेए लेकिन अब भारत खिलौना इंडस्ट्री में चीन से आगे बढ़ चुका है और आज हमारे यहां खिलौनों को बनाया जा रहा है।

# क्या हो रहा है

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा ह्यउरतृप्तह्न, मो. नं. 73 8657 8657**

कल हमने किसी से पूछ लिया झ भई! और आजकल क्या चल रहा है?

भाई साहब ऐसे जवाब देने लगे कि मानो मेरे इसी सवाल के लिए कई दिनों से टकटकी लगाए बैठे थे। उन्होंने कहा झ आजकल खुद्दम खुदाई का खेला चल रहा है। जो पसंद न आए उनका नाम बदला जा रहा है। अपनों को छोड़ गैरों पर बुल्डोजर चल रहा है। अस्पतालों में ह्यतू मर-मैं आयाह्न का खेला चल रहा है। शराब की दुकानों से सुख और अस्पतालों से दुख खरीदने का धंधा चल रहा है। पुलिस से कम समाचार चैनलों से ज्यादा डराने का खिलवाड़ चल रहा है। चेहरे पर गाय और भीतर से भेडिए का ब्रेकडांस चल रहा है।

नौकरी के नाम पर पकौड़ों और चाय का धंधा चल रहा है। कहीं गलाफाड़ने तो कहीं छाती पीटने का संगीत चल रहा है। पेड़ों को काटकर सिलेंडर में हवा भरने का तमाशा चल रहा है। लोगों को कम आंकड़ों को ज्यादा गिनने का तमाशा चल रहा है। कुंभ में डुबकी लगाकर पाप धोने का कहकहा चल रहा है। ऑफलाइन की दुनिया में ऑनलाइन का धमाका चल रहा है। बच्चों पर स्मार्ट होने के नाम पर किताबों से दूर करने वाले ऑनलाइन गेमों का जादू चल रहा है। विपक्ष सरकार के बाल तो सरकार विपक्ष की खाल नोचने की चाल चल रहा है। महंगाई के चलते भुखमरों, बेरोजगारों का शहर छोड़ने तो अमीरों का नए-नए व्यंजन बनाकर यूट्यूब पर लाइक्स के लिए गिड़गिड़ाने का नाटक चल रहा है। कुल मिलाकर देश कछुए की चाल चल रहा है।

ह्यभई मुझे माफ करो! मुझे बख्श दो! लगता है मेरा समय खराब चल रहा है ।ह्व इतना कहते हुए मैं वहाँ से नौ-दो ग्यारह हो गया।

## एसपी के निर्देश पर तीन पर गुण्डाएक्ट

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र कुमार सिंह ने भोलीभाली जनता में भय व आंतक फैलाकर गुण्डागर्दी करने वाले राजाबाबू पुत्र विजय कुमार द्विवेदी निवासी औदहा, बच्चा केवट पुत्र जियालाल निवासी पनौटी, धीरज पुत्र सुखलाल निवासी दरसेड़ा के खिलाफ श्री यूपी गुंडाएक्ट की कार्यवाही की है।

## पुलिस ने दो के कब्जे से 36 क्वार्टर बरामद किये शराब

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक थाना पहाड़ी नागेन्द्र नागर की अगुवाई में दरोगा परशुराम व दरोगा रविकान्त राय की टीम ने दो लोगों के कब्जे से 18-18 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया।

रविवार को पहाडी थाने की पुलिस ने कुबेर प्रसाद पुत्र शिवअवतार निवासी पहाड़ी, अनिल कुमार पुत्र चुनका निवासी कलवारा को 18-18 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उनके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा परशुराम यादव, दरोगा रविकान्त राय व दीवान रामचन्द्र बुन्देला, सिपाही नरेन्द्र सिंह, जलील अहमद शामिल रहे।

## विद्युत पोलों पर है भारी अतिक्रमण

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिले में इन दिनों सड़कों से ज्यादा विद्युत पोल में अतिक्रमण का आतंक छाया है। इससे शॉर्टसर्किट से आये दिन अग्निकांड के मामले सामने आ रहे हैं। हर विद्युत पोल पर डिश और इंटरनेट की केबिल का लोड विद्युत पोल की क्षमता से ज्यादा है।

रविवार को विद्युत पोलों पर ओवरलोड देखने को मिला। इससे जर्जर दशा में खड़े पोलों पर वजन तो डाला ही जा रहा है। इन विद्युत पोल से आये दिन शार्टसर्किट से अग्निकांड की घटनायें सामने आ रही है। इस मामले में अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल बृजेश कुमार ने कहा कि विद्युत पोल पर अतिक्रमण किये डिश और इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर ने कोई लिखित आदेश नहीं दिए हैं। न ही कोई सरकारी शुल्क अदा किया जा रहा है। ऐसे में विभाग जल्द जिले के सभी विद्युत पोल को अवैध तारों के जाल से निजात दिलाएगा।

## सर्पदंश से किशोरी की मौत

अखंड भारत संदेश



**मऊ/चित्रकूट।** थाना क्षेत्र के छिवली गांव में राधा देवी (14) पुत्री अश्वनी कुमार की सर्प के काटने से मृत्यु हो गई। परिजनों ने झाड़फूंक कराया, अस्पताल नहीं ले गये। इसके चलते उसकी मृत्यु हो गई। परिजनों में कोहराम मचा है।

ये हादसा रविवार को सवेरे पांच बजे हुआ। बताया गया कि मऊ थाना क्षेत्र के छिवली गांव की किशोरी राधा देवी घर में बर्तन धो रही थी। अचानक सर्प ने उसे काट लिया। परिजन आनन-फानन में किशोरी को झाड़फूंक को ले गये। झाड़फूंक दौरान किशोरी की मृत्यु हो गई। परिजनों का किशोरी को अस्पताल में इलाज नहीं कराया। परिजनों में किशोरी की मौत से कोहराम मचा है।

## बकरीद पर्व पर होगी चैकस व्यवस्था: सीओ सिटी



अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर 29 जून को बकरीद पर्व के मद्देनजर सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की अध्यक्षता में कर्वी कोतवाली में शान्ति समिति की बैठक हुई। बैठक में नगर के गणमान्य लोगों से बकरीद पर व्यवस्थायें चैकस रखने की चर्चा हुई।

रविवार को कर्वी कोतवाली में शान्ति समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय ने कहा कि बकरीद पर्व में बिजली, पानी, साफ-सफाई की चैकस व्यवस्था रखी जायेगी। पुलिस भी एहतियातन सुरक्षा को तैनात रहेगी। उन्होंने लोगों से बकरीद पर्व के बारे में पूंछा कि यहां पर्व कैसे मनाया जाता है। बकरीद पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने को मातहतों को निर्देश दिये।

शान्ति समिति की बैठक में शहर के गणमान्य लोगों के साथ कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी मौजूद रहे। शान्ति समिति के सदस्य एवं सम्भ्रान्त लोगों के साथ हुई बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## 2024 में 300 से अधिक सीटों के साथ मोदी बनेंगे प्रधानमंत्री: शाह

**जम्मूः** भारतीय राजनीति की दशा और दिशा को बदल कर रख देने वाले केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मोदी सरकार के 9 साल की उपलब्धियों को गिनाते हुए बिहार के पटना में विपक्ष के महाजुटान पर 'पुल शॉट' मारते हुए कहा कि, 'आज पटना में एक फोटो सेशन चल रहा है। विपक्षी दलों के नेता इकट्ठे हो गए हैं। वे संदेश देना चाहते हैं कि भाजपा और मोदी जी को चुनौती देंगे। यह महज एक फोटो सेशन है। विपक्ष में एकता संभव ही नहीं है। तमाम प्रयासों के बावजूद प्रधानमंत्री के तौर पर नरेंद्र मोदी का 300 से अधिक सीटों के साथ तीसरा कार्यकाल पूर्व निर्धारित है। विपक्षी दलों का एक मंच पर आना यह साबित करता है कि 2024 के आम चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हराने के लिए कांग्रेस की क्षमताएँ अपर्याप्त हैं। केंद्र में मोदी सरकार के नौ साल एक खुली किताब की तरह है। कांग्रेस की तरह नहीं, जिसने 12 लाख करोड़ रुपये का घोटाला किया। मोदी-शाह की जोड़ी के खिलाफ भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं है। सालों तक जम्मू-कश्मीर में तीन परिवारों झ अब्दुल्ला, मुफ्ती और गांधी परिवार झ का शासन रहा है। यदि इतिहास देखा जाए तो 1947 से 2014 तक जम्मू-कश्मीर में 42,000 लोगों की हत्या की जिम्मेदारी इन्हीं परिवारों पर है। आँकड़ों से यह स्पष्ट होता है कि कांग्रेस सरकार के 10 साल के शासन के दौरान आतंक की 7,327 घटनाएँ हुई थीं, जबकि मोदी सरकार के 9 साल में यह संख्या घटकर केवल 2,350 रह गई है। इसका मतलब साफ है कि आतंकी घटनाओं में 70 फीसदी की कमी आई है। पिछले 9 साल में जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद पर जिस कदर शिकंजा कस दिया गया है, उससे स्पष्ट है कि आज आतंकवाद अपनी मृत्यु शय्या पर है। मोदी जी के नेतृत्व और अमित शाह के मार्गदर्शन में देश के लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी के ह्यएक विधानह्न ह्यएक निशानह्न ह्यएक प्रधानह्न की धारणा को साकार करने की दिशा में धारा 370 को निरस्त करने का सख्त कदम उठाया गया। जिसके बाद 47 महीनों में, हड़ताल के केवल 32 कॉल आए, जबकि पत्थरबाजी में 90% की गिरावट आई।

# नन्ही वीरांगनाओं के साहस को एसपी ने किया सम्मानित

## नन्ही बालिकाओं ने दिखाया था

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने को पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो महिला जनचैपाल नए अभियान की शुरूआत की है। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर पुलिस महिला जन चैपाल लगा रही है। चैपाल में गांव की महिलाओं को अधिकारों और कानून के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

रविवार को मऊ थाना क्षेत्र के खंडेहा गांव में महिला चैपाल में एडीजी प्रयागराज भानु भास्कर व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला समेत पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। महिला चैपाल में महिलाओं की समस्याएं सुनी। महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों के बारे में जागरूक किया। कैसे उनके साथ हो रहे अपराधों के खिलाफ लड़ाई लड़नी है, इस बारे में पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने चुप्पी खोलो खुल कर बोलो का नारा देते हुए उन्हें पुलिस से शिकायत करने को जागरूक किया है।

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने जिले की दो नन्हीं वीरांगनाओं को सम्मानित किया है। पहली नौ



वर्षीय वीरांगना ने अपनी बड़ी बहन की कटाई मशीन में सिर फंस जाने से सूझबूझ से उसकी जान बचाई थी। दूसरी वीरांगना जब घर में अकेली सो रही थी तो गांव का एक शोहदा गलत नीयत से घर मे घुस आया।

उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। बालिका ने उस लड़के का विरोध कर घर से बाहर निकल आई और घर के बाहर दरवाजे की कुंडी लगा दी। गांव वालों को एकत्रकर पुलिस को बुलाकर आरोपी शोहदे को पकड़ा दिया। इन दोनों वीरांगनाओं के साहस को देखते हुए उन्हें सम्मानित किया। जिले में पुलिस महिला आरक्षियों के अच्छे कार्य करने पर महिला आरक्षियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को लेकर पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने कहा कि सूबे के मुख्यमंत्री के निर्देश पर मिशन शक्ति का पुनः अभियान चलाया जा रहा है। जिले में महिला जन चैपाल लगाई जा रही हैं। जन चैपालों में महिलाओं को अधिकारों और कानून के प्रति जागरूक किया जा रहा है, ताकि महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों में कमी लाई जा सके।

# ट्रक ने श्रद्धालुओं को रौंदा, दो की मौत तीन घायल

## पीड़ितों ने पुलिस पर मारपीट का लगाया आरोप

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिले में लेटी परिक्रमा लगा रहे श्रद्धालुओं को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। हादसे में पिता-पुत्र की मौत हो गई, जबकि तीन श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया है।ये हादसा पहाड़ी थाना क्षेत्र के प्रसिद्धपुर गांव में हुआ है। बताया गया कि सकरौली गांव के रहने वाले कुछ श्रद्धालु देर रात परिवार के साथ लेटी परिक्रमा लगाकर देवस्थान सिंगरी बाबा के मंदिर जा रहे थे। प्रसिद्धपुर गांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनको रौंद दिया। हादसे में पिता-पुत्र बाबूलाल और बृजलाल की मौत हो गई। तीन अन्य श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद पीड़ित श्रद्धालुओं ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि जब सड़क हादसा हो गया तो पुलिस आकर तुरंत शव को मर्चरी ले जाने को दबाव बनाने लगी। इसका विरोध करने पर पुलिस कर्मियों ने उनके साथ मारपीट की। इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित परिजनों के आरोप पर जांच की जा रही है।

# डीएम की प्रेरणा से कामतानाथ में हो रही सफाई

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की प्रेरणा से कामदगिरि स्वच्छता समिति के 75वें अभियान में स्वच्छ भारत मिशन के तहत कामदगिरि पर्वत क्षेत्र में साफ-सफाई की गई। जन जागरूकता को प्रत्येक रविवार को कामतानाथ परिक्रमा में स्वच्छता अभियान चलाया जाता है।

रविवार को सफाई अभियान दौरान अधिशासी अधिकारी लालजी यादव ने बताया कि स्वच्छता के प्रति सभी की जिम्मेदारी बनती है। आसपास स्वच्छता रहेगी तो बीमारियां नहीं होगी। मन शुद्ध और साफ रहेगा। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष/ब्रांड




एम्बेसडर नगर पालिका राकेश केसरवानी ने बताया कि वह लगातार प्रयास कर रहे हैं कि कामतानाथ परिक्रमा स्वच्छ और साफ-सुंदर हो, कामतानाथ परिक्रमा में रहने वाले दुकानदारों से अपील है कि स्वच्छता को अपने आसपास डिब्बा रखें। कचरा निकलने के बाद उसी डिब्बे पर कचरे को डालें।

कामतानाथ पर्वत राष्ट्रीय स्तर का धार्मिक स्थल है। सभी की आस्था का केंद्र है। सभी लोग अपनी जिम्मेदारी समझें। पर्वत की तरफ गंदगी डालने से बचें।

कामतानाथ परिक्रमा में जो दुकानदार रह रहे हैं, वह भी पर्वत की पूजा करते हैं। उसके बाद भी वहां पर कचरा डालते हैं।

खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने बताया कि स्वच्छता मनुष्य के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक शिवा कुमार ने बताया कि स्वच्छ मनुष्य ही स्वच्छ समाज की नींव रख सकता है। स्वच्छता अभियान में गया प्रसाद द्विवेदी, जितेंद्र केसरवानी, कृष्णा शुक्ला, जानकी प्रसाद, विनोद कुमार, रंजीत कुमार, मनोज कुमार, वीरेंद्र कुमार आदि लोगों ने सहयोग किया।

# विद्युत विभाग की मनमानी से त्रस्त हैं उपभोक्ता , भाजपा नेता का आरोप

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** बिजली विभाग सूबे के मुख्यमंत्री के आदेशों को ठेंगा दिखा रहा है। मनमानी के चलते विद्युत विभाग से आमजनता बेहद परेशान है। विद्युत विभाग के अधिकारियों की तानाशाही रवैये से परेशान गढचपा गांव के प्रधान प्रतिनिधि/भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अरुण सिंह बघेल उर्फ मिंटू सिंह ने विद्युत विभाग के अफसरों पर रोष जताया है।

रविवार को भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अरुण सिंह बघेल उर्फ मिंटू सिंह ने कहा कि वह जिला पंचायत सदस्य अनीता सिंह बघेल के प्रतिनिधि हैं। विद्युत विभाग मुख्यमंत्री के आदेशों को ठेंगा दिखा रहा है। बिजली विभाग के अधिकारी भाजपा सरकार की छवि धूमिल कर रहे हैं। किसी फरियादी के विद्युत विभाग जाने पर उसकी समस्या नहीं सुनी जा रही। बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारी उसे अपमानितकर आफिस से भगा देते हें। जनता की समस्या सुनने वाला कोई अधिकारी नहीं है।

उन्होंने बताया कि गढचपा गांव के दीनदयाल गुप्ता पुत्र कल्लू गुप्ता एक माह पहले अपनी समस्या लेकर विद्युत विभाग गये थे। उनके घर के ऊपर से 11केवी की विद्युत तार निकली है। कोई अप्रिय घटना न हो जाये। उन्होंने तार हटवाने को पत्र दिया। काफी दिनों से विद्युत विभाग के चक्कर लगा रहे हैं। पीडित व्यक्ति की समस्या का समाधान न कर उसे नोटिस थमा दिया है। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कडे निर्देश हैं कि जनसुनवाई में कोई भी पीड़ित अथवा फरियादी से दुर्व्यवहार न किया जाए। फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुनकर समाधान किया जाए। बिजली विभाग के अधिकारी फरियादी की समस्या न सुनकर फटकार लगाकर कार्यालय से भगा देते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग किया कि बिजली विभाग के अधिकारियों की मनमानी की जांच कर दोषी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाये।

# जिला योजना सदस्य पद का चुनाव जीती नीलम शुक्ला

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिला योजना समिति के सदस्य पद पर आज रविवार को हुए चुनाव में भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती नीलम शुक्ला पत्नी बृजेन्द्र शुक्ला के निर्वाचित होने पर भाजपा जिलाध्यक्ष समेत तमाम भाजपाइयों ने उत्तम कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। रविवार को जिला योजना समिति के चुनाव में दो प्रत्याशी खडे थे। निर्दलीय शंकर यादव व भाजपा प्रत्याशी नीलम शुक्ला मैदान में थे। भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी नीलम शुक्ला भारी मतों से चुनाव जीत



गई हैं। उनकी जीत पर भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, नगर पंचायत अध्यक्ष राजापुर संजीव मिश्रा समेत तमाम भाजपाइयों ने नीलम शुक्ला को उत्तम कार्यकाल के लिए शुभकामनायें दी। जिला योजना समिति सदस्य पद का चुनाव जीतने पर नीलम शुक्ला को अपर जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिह ने प्रमाण पत्र भाजपा नेताओं के सामने दिया। उन्होंने भी नीलम शुक्ला को बधाई दी।

## आर्यावर्त बैंक ने बैंक अदालत में मंजूर किये ऋण

अखंड भारत संदेश




**चित्रकूट।** आर्यावर्त बैंक ने चित्रकूट परिक्षेत्र की सभी 41 शाखाओं में मेगा बैंक अदालत लगाई। एनपीए ऋण खाता धारकों को विशेष समझौता के तहत बकाया धनराशि में छूट तथा अप्रभारित ब्याज में पूर्ण छूट बैंक ने दी।

शनिवार को आर्यावर्त बैंक की मेगा बैंक अदालत में पुराने एनपीए ऋण को जमा करने वाले ग्राहकों को आवश्यक्तानुसार कस्टमर रिकनेक्ट योजना के तहत नए ऋण भी तत्काल मंजूर किए जा रहे हैं, परियोजना चलती रहे। उनकी आय में वृद्धि हो सके। क्षेत्रीय प्रबंधक सतीश कुमार ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य पूर्व में हालातों के चलते एवं प्राकृतिक आपदा से मजबूरीवश डिफाल्टर बने ग्राहकों को छूट देकर उन्हें अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा से जोडना है। बैंक ने बैंक अदालत चित्रकूट की सभी चार तहसील कर्वी, मऊ, मानिकपुर, राजापुर एवं भरतकूप में लगाई।

## बाइक की चपेट में आने से महिला की हुई मौत, परिजनों ने नर्स पर गलत इंजेक्शन देने का लगाया आरोप



अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** एक महिला बाइक की चपेट में आने से घायल हो गई थी। इलाज दौरान महिला की मौत पर परिजनों ने नर्स की लापरवाही का आरोप लगाते हुए जिला अस्पताल में हंगामा काटा। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम को मर्चरी भेजा है। अभी तक परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है।

रविवार को रैपुरा थाना क्षेत्र के बरहट गांव की सुधा (50) के पति राधेश्याम ने बताया कि मृतका गांव से एक किमी दूर खेत गई थी। घर लौटते समय रास्ते में पीछे से तेज रफ्तार बाइक सवार ने ठोकर मार दी। इससे सुधा गंभीर रूप से घायल हो गई। बाइक सवार भी गिरकर घायल हो गया था। लोगों ने एम्बुलेंस बुलाकर दोनों घायलों को जिला अस्पताल लाये। यहां इलाज दौरान सुधा की मौत हो गई। परिजनों ने नर्स पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि गलत इंजेक्शन देने से मौत हुई है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। इस बारे में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने कहा कि परिजनों की ओर से अभी तक तहरीर नहीं मिली। तहरीर मिलने के बाद जांच कराई जाएगी।

## बिना दबाव के यातायात पुलिस ने की वाहनों की जांच, 65 हजार रुपये का किया ई-चालान



अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध ढुलान की रोकथाम को जारी अभियान में सीओ यातायात श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी यातायात मनोज कुमार की अगुवाई में पुलिस टीमों ने नेशनल हाईवे पर वाहनों की जांच की।

रविवार को भरतकूप थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे पर खनिज लदे भारी वाहनों की पुलिस टीम ने जांच की। जांच अभियान में दो ट्रकों में नम्बर प्लेट न होने पर सीज किया। एमबी एक्ट के तहत 11 वाहनों से 65 हजार रुपये का ई-चालान किया।

यातायात पुलिस टीम पूरी मुस्तैदी से वाहनों की जांच कर रही है। जांच दौरान कोई भी भारी वाहन चाहे जिसका हो, पुलिस ने बिना किसी दबाव के जांच की है। जांच दौरान तमाम वाहन स्वामियों ने सत्ता पक्ष के नेताओं का हवाला भी दिया, लेकिन पुलिस ने किसी का दबाव न मानते हुए निष्पक्षता से कार्यवाही की है। इस मौके पर यातायात दरोगा धर्मेश त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

## अमेरिका में मिशिगन राज्य के सागिनॉ में गोलीबारी, दो की मौत, 15 घायल


**वाशिंगटन।** अमेरिका में मिशिगन राज्य के सागिनॉ में स्ट्रीट पार्टी के दौरान हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा 15 अन्य घायल हो गए। सागिनॉ पुलिस ने यह जानकारी दी।



सागिनॉ पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच के मुताबिक पार्टी में शामिल लोगों के बीच पहले झगड़ा हुआ। इस दौरान गोलीबारी की गई। गोलीबारी में कम से कम पांच अलग-अलग कैलिबर के हथियारों का इस्तेमाल किया गया। गोलीबारी में 19 वर्षीय युवक और एक 51 वर्षीय महिला की मौत हो गई है। सभी घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

## मॉस्को में गंभीर स्थिति के मद्देनजर सोमवार को सभी कार्यालय रहेंगे बंद ज़ मेयर

**मॉस्को।** यूक्रेन से युद्ध लड़ रहे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ रूस के प्राइवेट मिलिट्री ग्रुप 'वैगनर' के चीफ येवगेनी प्रिगोझिन के बगावत के ऐलान के बाद से रूस में हालात



लगातार गंभीर होते जा रहे हैं। राजधानी मॉस्को में गंभीर स्थिति के मद्देनजर मेयर सर्गेई सोबयानिन ने सोमवार को दफ्तरों में छुट्टी घोषित कर दी है। साथ ही मॉस्को के नागरिकों से राजधानी के आसपास के इलाकों में यात्रा करने से बचने का आग्रह किया है। मेयर सर्गेई सोबयानिन ने कहा कि मॉस्को की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

सोमवार को सभी कार्यालय बंद रहेंगे। उन्होंने कहा कि वैगनर ग्रुप की सेनाएं रूस के सैन्य नेतृत्व को हटाने के लिए राजधानी मॉस्को की ओर बढ़ रही है।

## नेपाल के पोखरा में चीन की सक्रियता बढ़ी, अब हर साल होगा ड्रैगन बोट फेस्टिवल

**काठमांडू।** नेपाल के पोखरा में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनने के बाद चीन की गतिविधियां बढ़ गई हैं। चीन के आर्थिक सहयोग से ही इस एयरपोर्ट का निर्माण हुआ है। चीन की पहल पर पोखरा में पहली बार ड्रैगन बोट फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। डैनबू जी के नाम से जाना जाने वाला ड्रैगन बोट फेस्टिवल चीन का



एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह चीनी कैलेंडर के अनुसार पांचवें चंद्र माह में मनाया जाता है। ड्रैगन बोट फेस्टिवल में उपयोग की जाने वाली 8 फाइवर नौकाओं को केरुंग दर्रे के जरिए लाया गया है। महोत्सव में भाग लेने वाली चार बोट की टीमें सिचुआन एयरलाइंस से पोखरा एयरपोर्ट पर उतरीं। यह चीन के किसी विमान की पोखरा एयरपोर्ट के लिए पहली उड़ान थी। हालांकि यह अभी तय नहीं है कि इस एयरपोर्ट से नियमित उड़ानें कब से शुरू होंगी।

## काठमांडू के मेयर बालेन शाह के खिलाफ अदालत की अवमानना का मामला दर्ज

**काठमांडू।** भारतीय फिल्मों पर प्रतिबंध लगाने वाले काठमांडू मेट्रोपॉलिटन सिटी के मेयर बालेन शाह के खिलाफ अदालत की अवमानना का मामला दर्ज किया गया है। अधिवक्ता वर्षाकुमारी झा ने रविवार को अवमानना के तहत कार्रवाई किये जाने की याचिका दायर की।याचिका में कहा गया है कि मेयर शाह ने काठमांडू के सिनेमाघरों में भारतीय फिल्मों के प्रदर्शन पर हाई कोर्ट के अंतरिम आदेश की अवहेलना की है। शाह ने कोर्ट के आदेश के खिलाफ अभिव्यक्ति देते हुए भारत का गुलाम बताया था। बालेन साह ने काठमांडू के सिनेमाघरों में भारतीय फिल्म 'आदिपुरुष' के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके खिलाफ हॉल मालिकों की नेपाल मूवी एसोसिएशन ने हाई



कोर्ट में रिट दायर की थी।

भारतीय फिल्मों पर प्रतिबंध लगाने के मेयर शाह के कदम के खिलाफ हाई कोर्ट ने अंतरिम आदेश जारी किया था। मेयर शाह ने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देकर अंतरिम आदेश की आलोचना की। अब 'आदिपुरुष' के अलावा भारतीय फिल्में नेपाल में फिर से दिखाई जाने लगी हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने काहिरा में योग प्रशिक्षकों से मुलाकात की

**काहिरा।** मिस्र की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर पहुंचे भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काहिरा में प्रमुख योग प्रशिक्षक रीम जाबक और नाडा एडेल से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने उन्हें भारत आने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानमंत्री ने दोनों की योग के प्रति प्रतिबद्धता के लिए सराहना की। दोनों योग प्रशिक्षकों ने प्रधानमंत्री मोदी को मिस्र में योग की लोकप्रियता के बारे में जानकारी दी। रीम जाबक ने कहा, वह प्रधानमंत्री मोदी के योग के प्रचार-प्रसार से प्रभावित हैं। यह सुखद है कि प्रधानमंत्री मोदी अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच दुनिया भर में योग के महत्व को रेखांकित कर रहे हैं।



## हॉन्गकॉन्ग से लॉस एंजेलिस जा रहे विमान का फटा टायर, आपातकालीन निकासी के दौरान 11 यात्री घायल

**हॉन्गकॉन्ग।** हॉन्गकॉन्ग के कैथे पैसिफिक विमान CX880 को तकनीकी समस्या के चलते सुबह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने से पहले रोक दिया गया। आपातकालीन निकासी के दौरान 11 यात्री घायल हो गए। बता दें, हॉन्गकॉन्ग से लॉस एंजेलिस जा रहे विमान में 17 क्रू सदस्य और 293 यात्री सवार थे।

कैथे विमान कंपनी ने एक बयान जारी कर बताया कि जब विमान उड़ान भरने वाला था, तभी चालक दल को कुछ तकनीकी समस्या का पता चला, जिसके बाद उड़ान को रद्द करने का फैसला लिया गया। वहीं, एक मीडिया रिपोर्ट की माने तो घटना के पीछे का कारण विमान का एक टायर अत्यधिक गर्म होना बताया जा रहा है। कहा जा रहा कि टायर बहुत ज्यादा गर्म हो गया था, जिससे कारण वह फट गया। बयान में कहा गया है कि विमान




में तकनीकी खराबी का पता चलने के बाद यात्रियों को सुरक्षित उतारना मकसद था। इसलिए यात्रियों को पांच डोर एस्केप स्लाइड्स का उपयोग करके विमान से बाहर निकाला गया। इसी दौरान, 11 यात्री घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। कैथे कंपनी ने कहा कि अस्पताल से नौ लोगों को छुट्टी मिल गई है, उन्हें घर भेज दिया गया है। फिलहाल, अस्पताल में दो यात्री भर्ती हैं। कैथे ने कहा कि इन यात्रियों और उनके परिवार का ध्यान रखा जाएगा, जिस भी सहायता की जरूरत होगी हम करेंगे। विमान कंपनी ने यात्रियों से माफी भी मांगी है।

## अमेरिका की खुफिया एजेंसी का बड़ा दावा, कहा- वुहान की लैब से लीक नहीं हुआ था कोरोना वायरस

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अधिकारियों ने एक खुफिया रिपोर्ट जारी करके उन लोगों के उठाए कुछ बिंदुओं को खारिज कर दिया है जिसमें कहा गया है कि कोविड-19 वायरस चीन की एक प्रयोगशाला से लीक हुआ था। रिपोर्ट में दोहराया गया कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की राय इसको लेकर विभाजित है कि महामारी की उत्पत्ति कैसे हुई। इसका एक कारण चीन द्वारा स्वतंत्र समीक्षा में रोड़ा अटकाना भी रहा है।

यह रिपोर्ट अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के कहने पर जारी की गई। कांग्रेस ने मार्च में एक विधेयक पारित करके वुहान वायरस संस्थान से संबंधित खुफिया रिपोर्ट को खुफिया दस्तावेजों को सार्वजनिक करने के लिए अमेरिकी गुप्तचर एजेंसी को 90 दिनों का वक्त दिया था।

**लैब से उत्पत्ति को न समर्थन, न विरोध**



रिपोर्ट में कहा गया कि प्रयोगशाला में काम करने वाले शोधकर्ताओं का 2019 में बीमार पड़ना व उन्हें श्वास संबंधी लक्षण होना भी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचाते। अमेरिकी एजेंसियां ये जानकारी महामारी की उत्पत्ति को लेकर कयास का न तो समर्थन करती हैं और न उसे खारिज करती हैं।

## पीएम मोदी ने मिस्र के प्रमुख मुफ्ती से की मुलाकात, आतंकवाद-कट्टरवाद को लेकर की चर्चा

**हॉन्गकॉन्ग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिस्र के प्रमुख मुफ्ती डॉ. शावकी इब्राहिम अब्देल-करीम अल्लाम से मुलाकात की। दोनों ने भारत और मिस्र के मजबूत सांस्कृतिक संबंध और दोनों देशों के बीच लोक संपर्क के मुद्दे पर चर्चा की। इस दौरान दोनों में समाज में सामाजिक और धार्मिक सौहार्द के अलावा आतंकवाद के खिलाफ जंग और कट्टरवाद को लेकर बात हुई।

मुफ्ती ने समावेशन और बहुलवाद को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना की। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने मुफ्ती को बताया कि भारत मिस्र के सामाजिक न्याय मंत्रालय के सहयोग से दार-अल-इफ्ता में एक उत्कृष्ट आईटी केंद्र स्थापित करेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने मिस्र के प्रमुख मुफ्ती से मुलाकात की तस्वीरें ट्विट पर साझा कीं और कहा कि मिस्र के प्रमुख मुफ्ती प्रोफेसर शॉकी इब्राहिम अल्लाम से मिलकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मुलाकात के दौरान भारत-मिस्र संबंधों, विशेष रूप से सांस्कृतिक संबंध और लोक संपर्क के मुद्दों पर अच्छी चर्चा हुई।

**पीएम मोदी भारत जैसे देश के लिए उचित नेतृत्व प्रतीत हुएः मुफ्ती**

वहीं, मुलाकात के बाद प्रमुख मुफ्ती ने कहा, मैं प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात कर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह बेहद अच्छी और दिलचस्प मुलाकात थी। वास्तव में, वह भारत जैसे बड़े देश के लिए उचित नेतृत्व प्रतीत हुए। मैं पहले भी दिल्ली में मुफ्ती सम्मेलन के दौरान मोदी से मिला था। इन दोनों मुलाकातों के बीच मैंने पाया कि भारत में बहुत विकास हुआ है। यह बताता है कि वह भारत में लगातार काम कर रहे हैं। यह भारत में विभिन्न समूहों के बीच सह-अस्तित्व लाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की ओर से अपनाई जा रही अच्छी नीतियों को भी दर्शाता है।

मिस्र के दो दिन के दौरे पर प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को काहिरा पहुंचे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने भारत और मिस्र



के बीच मजबूत सांस्कृतिक और लोगों के बीच संबंधों पर चर्चा की। उनके बीच चर्चा सामाजिक और धार्मिक सद्भाव बढ़ाने और उग्रवाद व कट्टरपंथ का मुकाबला करने से संबंधित मुद्दों पर भी केंद्रित रही।

**प्रमुख मुफ्ती ने किया था भारत का दौरा**

प्रमुख मुफ्ती ने पिछले महीने भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के निमंत्रण पर भारत का दौरा किया था। अपनी भारत यात्रा से पहले एक लेख में, प्रमुख मुफ्ती ने चुनौतीपूर्ण दुनिया में सहयोग और समन्वय की आवश्यकता के बारे में मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी और प्रधानमंत्री मोदी के बयानों का उल्लेख किया था। उन्होंने लिखा था, हालांकि इस तरह के प्रयासों का कई लोगों ने स्वागत किया है, लेकिन ऐसी शुभकानाओं को आपसी विश्वास और सम्मान के टिकाऊ रिश्ते में बदलने के लिए व्यावहारिक कदम उठाने की जरूरत है।

**भारत-मिस्र के बीच व्यापार, निवेश और ऊर्जा सहयोग बढ़ाने पर हुई चर्चा**

इससे पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिस्र के प्रधानमंत्री मुस्तफा मैडबौली के साथ गोलमेज बैठक की। इस दौरान दोनों नेताओं में व्यापार, निवेश और नवीकरणीय ऊर्जा समेत विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में मिस्र के सात कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने बाद में प्रवासी भारतीयों से भी संवाद किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट कर कहा, भारत-मिस्र सभ्यतागत संबंधों को आगे बढ़ा रहे हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश, नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, आईटी, डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म, फार्मा और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों सहित कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने मिस्र की ओर से वार्ता को लेकर गठित की गई उच्च स्तरीय भारत इकाई के लिए धन्यवाद दिया और सरकार के दृष्टिकोण की सराहना की।

## वैगनर चीफ ने अपने लड़ाकों को पीछे हटने का दिया आदेश, कहा- खून-खराबा नहीं चाहते

**मास्को।** रूस में गृहयुद्ध और तख्तापलट का खतरा टल गया है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ बगावत करने वाले निजी सेना 'वैगनर' के प्रमुख येवगेनी वी. प्रिगोझिन ने अपने लड़ाकों को वापस लौटने का आदेश दिया है। यूक्रेन के खिलाफ रूसी सेना के साथ मिलकर लड़ने वाले प्रिगोझिन ने अचानक विद्रोह का बिगुल फूंक दिया था। शुक्रवार देर रात रोस्तोव-ऑन-डोन शहर में स्थित रूस के दक्षिणी सैन्य

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

पर अपने सैनिकों को गोला-बारूद और अन्य सुविधाएं भी



नहीं देने का भी आरोप लगाया था। रूस ने प्रिगोझिन के आरोपों को खारिज कर दिया था। मांग नहीं माने जाने के बाद प्रिगोझिन अपने लड़ाकों के साथ शुक्रवार को यूक्रेन से रूस की सेना में घुस आए थे और मॉस्को से लगभग 1,000 किलोमीटर दक्षिण में स्थित रोस्तोव शहर पर कब्जा कर लिया था। उन्होंने अपने कदम को तख्तापलट मानने से इनकार कर दिया था और इसे न्याय के लिए मार्च बताया था। यह धमकी भी दी थी कि उनके रास्ते में जो भी आएगा उसे खत्म कर दिया जाएगा।

**वैगनर चीफ के ऊपर से हटेंगे आरोप**

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री एस पेसकोव ने कहा कि विद्रोहियों ने पीछे हटने का फैसला लिया है। इसलिए वैगनर नेता के खिलाफ लगे आरोप हटा दिए जाएंगे। अब प्रिगोझिन बेलारूस जाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि वैगनर के लड़ाके जो विद्रोह में शामिल नहीं हुए थे, वे रूसी रक्षा मंत्रालय के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको के कार्यालय ने कहा था कि पुतिन की सहमित के बाद उन्होंने प्रिगोझिन से बात की और वैगनर प्रमुख तनाव कम करने पर सहमत हुए। इसके बाद प्रिगोझिन ने अपने सैनिकों को मॉस्को की तरफ बढ़ने से रोका और वापस सैन्य अड्डे पर लौटने का आदेश दिया। प्रिगोझिन ने एक ऑडियो संदेश में कहा, वे वैगनर सैन्य कंपनी को खत्म करना चाहते थे। हम न्याय के लिए 23 जून को मार्च पर निकले। 24 घंटे में हम मॉस्को से 200 किलोमीटर दूर रह गए थे। इस दौरान, कहीं भी खूनखराबा नहीं हुआ। अब समय आ गया था जब खून खराबा हो सकता था। हमने अपनी जिम्मेदारी समझी कि दोनों तरफ से रूसी नागरिकों का ही खून बहता। इसलिए हमने अपने सैनिकों को वापस शिविरों में लौटने का आदेश दिया।

**पुतिन के सामने थी बड़ी चुनौती**

वैगनर के विद्रोह के बाद अपने दो दशक से भी अधिक के शासनकाल में पुतिन को पहली बार सबसे बड़े खतरे का सामना करना पड़ा। पुतिन को राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहना पड़ा, रूस अपने भविष्य की सबसे कठिन लड़ाई लड़ रहा है। यह विद्रोह हमारे देश के लिए बड़ा खतरा है और इसके खिलाफ %कठोर कार्रवाई% होगी। साजिशकर्ताओं को कठोर सजा भुगतनी होगी, जिसके आदेश जारी कर दिए गए हैं। प्रिगोझिन ने पुतिन के विश्वासघात के आरोपों को गलत बताया था और खुद को और अपने सैनिकों को देशभक्त करार दिया था। अपने टेलीग्राम चैनल पर जारी ऑडियो संदेश में प्रिगोझिन ने देश को धोखे, भ्रष्टाचार और नौकरशाही से मुक्त कराने के लिए लड़ने की बात कही थी।

## प्रवासी भारतीयों और बोहरा समुदाय से मिले पीएम मोदी, व्यवसायियों के साथ भी की बैठक

**काहिरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के तीन दिवसीय दौरे के बाद मिस्र की राजधानी काहिरा पहुंचे। मिस्र के प्रधानमंत्री मुस्तफा मैडबौली ने उनका स्वागत किया। पीएम मोदी का यह दो दिवसीय राजकीय दौरा है। मिस्र में भारतीय समुदाय संघ की अध्यक्ष दीप्ति सिंह ने कहा, हम सभी काहिरा में पीएम मोदी से मिलने के लिए बहुत उत्साहित हैं। लगभग 300-350 लोगों को आज प्रधानमंत्री से मिलने के लिए यहां आमंत्रित किया गया है। वहीं, दो दशकों से मिस्र में रह रहीं तोरल मेहता कहती हैं, आज हम सभी के लिए बहुत गर्व का क्षण है क्योंकि हम मिस्र की धरती पर पीएम मोदी को देखने जा रहे हैं। मैं लंबे समय से यहां रह रही हूं। यह मेरे और मेरे देश के लिए बहुत अच्छा है। मोदी जी के यहां आने से धरती पर दोनों देश एक साथ



आए हैं। एक प्रवासी भारतीय महिला ने कहा, अगर फिल्म स्टार और पीएम मोदी को हमारे सामने खड़ा कर देंगे तो पीएम मोदी की तरफ भागेंगे। हम उन्हें बहुत प्यार करते हैं। काहिरा में भारतीय डायस्पोरा के सदस्य अमरनाथ दास कहते हैं, पीएम मोदी की मिस्र यात्रा दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करेगी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मिस्र के रिट्ज कार्लटन होटल पहुंचे जहां उन्होंने भारतीय मूल के लोगों से मुलाकात की।

मिस्र के राष्ट्रपति अल-सीसी की भारत यात्रा की तस्वीरें काहिरा के उस होटल में प्रदर्शित की गई हैं, जहां प्रधानमंत्री मोदी आज मिस्र की अपनी दो दिवसीय राजकीय यात्रा के दौरान आने वाले हैं। पीएम मोदी के यहां पहुंचने पर उनका स्वागत करने के लिए भारतीय समुदाय के कई सदस्य भी होटल में मौजूद हैं।

मिस्र की एक महिला ने काहिरा में पीएम मोदी के स्वागत के लिए गाया 'ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे'। पीएम नरेंद्र मोदी ने काहिरा में मिस्र के समकक्ष मुस्तफा मैडबौली के साथ बैठक की। भारतीय वायु सेना के पूर्व प्रमुख एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया (सेवानिवृत्त) ने पीएम मोदी की मिस्र यात्रा पर कहा, 'रक्षा के क्षेत्र में भारत और मिस्र के बीच शानदार द्विपक्षीय संबंध रहे हैं। ऐतिहासिक रूप से हमारे रक्षा बलों के बीच घनिष्ठ संबंध रहे हैं। हमारे पास उपकरण और सोच में बहुत सारी समानताएं हैं।

## अंतरिक्ष में ज्यादा दूर तक कर सकेंगे अध्ययन, भारतीय विमान धमाके की 38वीं बरसी पर श्रद्धांजलि

**वाशिंगटरन।** भारत द्वारा अमेरिका की आर्टेमिस संधि पर हस्ताक्षर के बाद नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) प्रशासक बिल नेल्सन ने कहा कि इससे अंतरिक्ष व पृथ्वी के अध्ययन में सहयोग बढ़ेगा, यह खुशी का मौका है। उन्होंने भारतीय नेतृत्व का आभार जताया और कहा कि अब हम अध्ययन के लिए अंतरिक्ष में कहीं ज्यादा दूर जाने के बारे में सोच सकेंगे, अपने लक्ष्यों की ओर शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से बढ़ेंगे। मुश्किल वक्त में एक दूसरे की मदद भी कर पाएंगे। नासा की आर्टेमिस संधि विभिन्न देशों के बीच अंतरिक्ष अनुसंधान के लिए व्यावहारिक नियम तय करती है। भारत को मिलाकर 27 देश इसमें शामिल हो गए हैं। ये सभी चंद्रमा और मंगल ग्रह के लिए नासा के मिशन आर्टेमिस का भी हिस्सा बनेंगे। वहीं अमेरिका में भारत के राजदूत तरनजीत सिंह संधू ने कहा कि द्विपक्षीय सहयोग के लिए यह एक मील का पत्थर साबित होने वाला कदम है। भारत एक जिम्मेदार अंतरिक्ष शक्ति है और सहयोग व प्रगति के लिए नये समझौतों का समर्थन करता है। यह संधि अंतरिक्ष के लिए नियम आधारित अध्ययन को महत्व देगी।